NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 162 लखनऊ, बुधवार 29 जनवरी 2025 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 170 प्रतिशत बढ़ी कांग्रेस की इनकम, बीजेपी की हुई रिकार्ड कमाई, चुनाव आयोग ने जारी की वार्षिक आडिट रिपोर्ट

एजेंसी।

चुनाव आयोग के पास दाखिल पार्टी की हालिया वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा की सालाना कमाई 2022—23 में 2360.8 करोड़ रुपये से 83ः बढ़कर 2023—24 में 4340.5 करोड़ रुपये हो गई है। जिसमें से 1685.6 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के माध्यम से आए। यह किसी भी पार्टी के जरिए घोषित बॉन्ड से अब तक की सबसे ज्यादा कमाई है। भारत के चुनाव आयोग ने डेटा उपलब्ध कराया जिससे पता चला कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपाके पास 7,113.80 करोड़ रुपये की भारी नकदी और बैंक बैलेंस है। 31 मार्च 2024 तक 857.15 करोड़ रुपये के साथ भारत की दूसरी सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी कांग्रेस है।चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भगवा पार्टी ने





2023—24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए, जब लोकसभा चुनावों की घोषणा हुई, जो 2022—23 में खर्च किए गए 1,092 करोड़ रुपये से 60 प्रतिशत अधिक है। 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई। कांग्रेस ने 2023—24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किये दूसरी तरफ, सबसे पुरानी पार्टी ने 2023—24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022—23 में 192.56 करोड़ रुपये खर्च किए। चुनाव आयोग की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से पता चला है कि भाजपा को 2023—24 के दौरान अब प्रतिबंधित चुनावी बांड के माध्यम से 1,685.69 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक योगदान प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वर्ष यह 1294.15 करोड़ रुपये था। सत्तारूढ़ दल ने वर्ष के दौरान 2,042.75 करोड़ रुपये का अन्य योगदान भी प्राप्त किया है, जबकि पिछले वर्ष 2022—23 में 648.42 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ था। चुनाव आयोग को अपनी ऑडिट रिपोर्ट में कांग्रेस ने 2023—24 के दौरान कुल 1,225.11 करोड़ रुपये का योगदान प्राप्त किया है, जिसमें अनुदान, दान और अंशदान के माध्यम से 1129.67 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे —योगी

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित 'महाकुंभ समागम' में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग



पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा ''यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी है।'' समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार आस्था की डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के लोगों के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा ''सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## गुजरात में कांगो बुखार की एंट्री... 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत

गांधीनगर। गुजरात के जामनगर में क्रीमियन—कांगो रक्तस्रावी बुखार (सीसीएचएफ), जिसे आमतौर पर कांगो बुखार कहा जाता है। इससे 51 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पिछले पांच वर्षों में संक्रमण से होने वाली पहली मौत है। व्यक्ति की पहचान मोहनभाई के रूप में हुई, एक पशुपालक था। उन्हें 21 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 27 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके रक्त का नमूना पुणे की एक प्रयोगशाला में भेजा गया, जहां वायरस की मौजूदगी की पुष्टि हुई। जामनगर मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त डीन डॉ. एसएस चटर्जी ने कहा, 'यह पांच साल में शहर में सामने आया पहला मामला है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ता ने कहा कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उसकी कई सर्जरी हुई हैं और इलाज का खर्च वहन करने में उसे अपनी मां के साथ वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि अपने जैविक पिता की पहचान करने से उन्हें बहुत आवश्यक सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।मोहनभाई की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उनके आवास के पास के इलाके में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने उसके परिवार को आगे के मामलों को रोकने के



लिए स्वच्छता बनाए रखने की भी सलाह दी है। इस वायरस से संक्रमित मरीजों को बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द और चक्कर आने की समस्या होती है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा, अन्य लक्षणों में संक्रमण के दो से चार दिनों के बाद अनिद्रा, अवसाद और पेट दर्द और मुंह, गले और त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं।

## दिल्ली के रण में उतरे राहुल गांधी, केजरीवाल पर जमकर साधा निशाना, बोले— वह शीश महल में रहते हैं

राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अपनी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पार्टी के लिए प्रचार किया। वेस्ट विनोद नगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। राहुल ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा था कि वो साफ—सुथरी राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल शशीश महलश में रहते हैं। तो ये है सच्चाई। भाजपा पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ ठश्रच्—ै के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग शनफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानश खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए।राहुल ने मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि वे महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, टूटी सड़कों के बारे में नहीं दिखाते। वे नरेंद्र मोदी का चेहरा और अंबानी जी की शादी दिखाते हैं। इससे पहले




राहुल गांधी ने नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में मंगलवार को प्रचार किया और कई स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने पहले वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किया और फिर गोल मार्केट इलाके में लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज दिल्ली में महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया। दर्शन के बाद पास की बस्ती में एनडीएमसी कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार और आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की निजीकरण तथा अनुबंधा आधारित नौकरियों की नीति के कारण हजारों लोग बेरोजगार हैं और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। निजीकरण और ठेके की नौकरियां गरीबों और बहुजनों के हक छीनने के हथियार हैं। हम सबसे पहले इन्हें नियंत्रित करेंगे।'' नयी दिल्ली क्षेत्र से दीक्षित पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से प्रवेश वर्मा उम्मीदवार हैं।

## आपने गरीबों का क्या भला किया... खड़गे के बयान पर अमित शाह का पलटवार, केजरीवाल पर भी जमकर साधा निशाना

एजेंसी।

कालकाजी अमित शाह ने कहा कि कल केजरीवाल ने जलबोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर एक बयान दिया कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आता है, उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिलाया है। कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि दिल्ली को आप—दा के कुशासन व भ्रष्टाचार के अंधकार से निकालने का एकमात्र विकल्प 'भाजपा' है। कालकाजी विधानसभा में भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। शाह ने कहा कि 5 तारीख को दिल्लीवालों के लिए केजरीवाल की आप—दा से मुक्त होने का बहुत बड़ा मौका है। 5 फरवरी को कमल का बटन दबाइए और केजरीवाल की आप—दा से हमेशा के लिए मुक्ति पाइए। केजरीवाल की सरकार झूठ, फरेब, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की



सरकार है।अमित शाह ने कहा कि कल केजरीवाल ने जलबोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर एक बयान दिया कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आता है, उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिलाया है। जबकि जलबोर्ड वालों ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। केजरीवाल जी, आपके पास जलबोर्ड की जो रिपोर्ट है, उसे कल सार्वजनिक घ्कीजिए, हम जिम्मेदारी लेंगे। शाह ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान इन्होंने (केजरीवाल) कहा था कि हम राजनीतिक लोग नहीं हैं, हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लेंगे, कांग्रेस का समर्थन लिया। इन्होंने कहा था कि हम सिक्योरिटी, गाड़ी और बंगला नहीं लेंगे, इन्होंने सिक्योरिटी ली, गाड़ी ली और करोड़ों का शीश महल बनवाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी ने कहा था कि हम भ्रष्टाचार नहीं करेंगे, इन्होंने हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। मंदिर, गुरुद्वारा, स्कूल... सबके सामने शराब की दुकानें खोलीं, जेल गए।जलबोर्ड घोटाला, राशन घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, क्लासरूम घोटाला किया और खुद के लिए करोड़ों का शीश महल बनवाया। शाह ने खड़गे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जारी रखते हुए कहा कि अभी कल मैंने महाकुंभ में गंगा की डुबकी लगाई, लेकिन डुबकी मैंने लगाई और ठंड खड़गे जी को लग गई। वो कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। खड़गे साहब, आपने पूरा जीवन डुबकी नहीं लगाई, लेकिन आपने गरीबों का क्या भला किया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी इस देश की परंपरा और आस्था में विश्वास करती है, इसलिए भव्य करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बनता है और महाकुंभ का मेला भी लगता है। 2019 में मोदी जी ने गंगा में डुबकी लगाई और देश के करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं दीं। लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन धर्म का अपमान करती है। खड़गे साहब, आपको सनातन धर्म में श्रद्धा नहीं है तो कोई बात नहीं, लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ाइए।

## दिल्ली फतह के लिए भाजपा ने की तगड़ी तैयारी, 27 दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा

दिल्ली। आगामी दिल्ली विधान सभा चुनाव को लेकर पूरी ताकत लगा रही है। दिल्ली फतह को लेकर भाजपा ने तगड़ा प्लान तैयार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 27 प्रमुख नेताओं की एक टीम बनाई है जिसमें केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री और व्यापक संगठनात्मक अनुभव वाले वरिष्ठ पार्टी नेता शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव, गजेंद्र शेखावत, नेता भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी के साथ, निर्दिष्ट निर्वाचन क्षेत्रों के राजनीतिक प्रबंधन की देखरेख करेंगे। प्रत्येक नेता को दो निर्वाचन क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। कुल मिलाकर, टीम दिल्ली भर में 54 निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करेगी। पीयूष गोयल को दिल्ली कैंट और वजीरपुर निर्वाचन क्षेत्रों का राजनीतिक प्रबंधन सौंपा गया



है, जबकि धर्मेंद्र प्रधान मालवीय नगर और ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्रों का प्रबंधन करेंगे। भूपेन्द्र यादव महरौली और बिजवासन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जिम्मेदार हैं जबकि मनसुख मंडाविया शकूर बस्ती और मादीपुर निर्वाचन क्षेत्रों की देखरेख करेंगे। गजेंद्र शेखावत नरेला और बवाना विधानसभा क्षेत्र संभालेंगे। इसके अतिरिक्त, देश भर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं को अन्य महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आदर्श नगर और बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र संभालेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल शालीमार बाग और त्रिनगर निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल करेंगे, जबकि एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े जनकपुरी और उत्तम नगर निर्वाचन क्षेत्रों की देखरेख करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव, तरुण चुघ, लक्ष्मी नगर और कृष्णा नगर के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव, अरुण सिंह, मॉडल टाउन और मोती नगर निर्वाचन क्षेत्रों का प्रबंधन करेंगे। अनुराग ठाकुर, संजीव बालियान और पीपी चौधरी जैसे पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को मुस्तफाबाद, करावल नगर, मटियाला, नजफगढ़, मुंडका और नांगलोई जाट जैसे निर्वाचन क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य राज्यों के प्रमुख भाजपा नेता, जैसे त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, बिहार से विवेक ठाकुर, उत्तर प्रदेश से अनिल जैन, झारखंड से निशिकांत दुबे, राजस्थान से सुरेंद्र नागर और तेलंगाना से अरविंद धर्मपुरी भी दिल्ली के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों के लिए राजनीतिक रणनीतियों का प्रबंधन में शामिल हैं। ये नेता स्थानीय उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिन—प्रतिदिन की अभियान गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही हैं। वे पार्टी ढांचे के भीतर किसी भी कमजोरी को भी संबोधित करेंगे, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित निर्णय लेंगे और समग्र चुनावी प्रदर्शन में सुधार करेंगे।

## फार्मूला—ई रेस रद्द होने को लेकर तेलंगाना सीएम के खिलाफ शिकायत, राज्य के खजाने को नुकसान का लगाया आरोप

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ विश्वासघात का आरोप लगाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता आरएस प्रवीण कुमार ने हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस कार्यक्रम के अचानक रद्द होने के बाद आपराधिक विश्वासघात और राज्य के खजाने को पर्याप्त वित्तीय नुकसान का आरोप लगाते हुए नरसिंगी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, हैदराबाद को ई—मोबिलिटी और टिकाऊ नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में तैनात किया गया था, जिसने फरवरी 2023 में अपनी पहली फॉर्मूला ई रेस की मेजबानी की थी। यह आयोजन, एक मल्टी—सीजन समझौते का हिस्सा था। हालाँकि, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रशासन के तहत, बाद के फॉर्मूला ई कार्यक्रमों को कथित तौर पर विशेषज्ञों, कैबिनेट या राज्य विधानसभा से परामर्श किए बिना, एकतरफा रद्द कर दिया गया था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि इस निर्णय से 55 करोड़ रुपये की वित्तीय हानि हुई। कुमार ने तर्क दिया कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध से उपजी है, जिसका उद्देश्य पिछले बीआरएस प्रशासन द्वारा शुरू की गई




पहल को कमजोर करना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे अन्य राज्यों के साथ विरोधाभास पर भी प्रकाश डाला, जो अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारी निवेश कर रहे थे।पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कथित साजिश की विस्तृत जांच का अनुरोध किया और वित्तीय क्षति और सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए मुख्यमंत्री के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की। तेलंगाना सरकार ने अभी तक आरोपों पर आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

# सी.एम.एस. चौक कैम्पस 'स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड' से सम्मानित

लखनऊ, 28 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस को शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग हेतु 'स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। शैक्षिक संस्था एट टेक एक्स एवं शैक्षिक पत्रिका ब्रेनफीड के संयुक्त तत्वावधान में हैदराबाद में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा को 'स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड' से नवाजा गया एवं छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही भावी पीढ़ी सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. चौक कैम्पस के प्रयासों को सराहा गया। सी.एम.एस. चौक कैम्पस को यह सम्मान बेस्ट एकेडमिक एक्सीलेन्स स्कूल, एक्सीलेन्स इन स्पोर्ट्स एजूकेशन एवं बेस्ट कम्युनिटी एण्ड कोलाबरेशन स्कूल समेत तीन श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।सी.एम.एस. अपने छात्रों को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी है अपितु एकता, शान्ति व मानवाधिकारों की भावना को देश व विश्व में बढ़ावा देने में भी सदैव अग्रणी रहा है। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि यूनेस्को शान्ति शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित एवं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नामित सिटी मोन्टेसरी स्कूल में 63,000 से अधिक बच्चे संतुलित एवं उद्देश्यपूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।



# वक्फ संशोधन विधेयक पर विवादरू अनीस मंसूरी ने बताया पसमांदा मुस्लिम समाज पर हमला

लखनऊ। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट ने विवाद को जन्म दे दिया है। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अनीस मंसूरी ने इस रिपोर्ट को ष्पक्षपातपूर्णष् और ष्पसमांदा समाज के अधिकारों का हननष् करार दिया है। उनका कहना है कि यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के मूल उद्देश्य को कमजोर करेगा, बल्कि इससे पसमांदा समाज के गरीब, वंचित और बेसहारा वर्गों के अधिकार पूरी तरह छिन जाएंगे।

वक्फ का मूल उद्देश्य और मौजूदा स्थिति

श्री मंसूरी ने कहा कि इस्लाम में वक्फ की अवधारणा गरीबों, यतीम बच्चों, बेवा औरतों, समाज के वंचित वर्गों और परिवार से अलग कर दिए गए वृद्धों की मदद के लिए की गई थी। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और इनका उपयोग इन वर्गों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था। लेकिन हकीकत यह है कि वक्फ बोर्डों के अध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी और मुतवल्ली लंबे समय से इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने पसमांदा समाज के अधिकारों को कुचलते हुए इन संपत्तियों को अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया और अपने परिवारों की संपत्तियां बनाई।उन्होंने कहा कि सरकार अब इस विधेयक के माध्यम से वही कार्य बड़ी नीति के तहत करने जा रही है। इससे वक्फ संपत्तियां गरीब और जरूरतमंद वर्ग के बजाय अमीर और प्रभावशाली लोगों के कब्जे में चली जाएंगी।

गर—मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर तीखी प्रतिक्रिया

विधेयक में वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर—मुस्लिम सदस्यों की संख्या बढ़ाने के प्रावधान पर श्री मंसूरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा ष्वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक संपत्तियां हैं। इनका प्रबंधन गैर—मुस्लिम सदस्यों को सौंपना वक्फ की मूल अवधारणा का खुला उल्लंघन है। यह न केवल मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हमला है, बल्कि वक्फ संपत्तियों को उनके धार्मिक और सामाजिक उद्देश्य से भटकाने की कोशिश है।ष्श्री मंसूरी ने कहा कि यह प्रावधान केवल वक्फ की धार्मिक संरचना को कमजोर करने और सरकार के प्रभाव को बढ़ाने के लिए लाया गया है।

विवाद निपटारे और न्यायाधिकरण पर सवाल

विधेयक में विवाद निपटाने के लिए स्वतंत्र न्यायाधिकरण का प्रावधान किया गया है, जिसे 90 दिनों में मामलों का निपटारा करना होगा। श्री मंसूरी ने इस प्रावधान पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायाधिकरण की संरचना और उसकी स्वायत्तता संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि यह न्यायाधिकरण पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में होगा और इसका उद्देश्य निष्पक्षता से अधिक सरकारी एजेंडे को लागू करना होगा। यह पसमांदा समाज और मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को और कमजोर करेगा।

पसमांदा समाज के हक को छीना जा रहा है

श्री मंसूरी ने कहा कि पसमांदा समाज वक्फ संपत्तियों का सबसे बड़ा हकदार है, लेकिन इतिहास में हमेशा उनके साथ भेदभाव हुआ। उन्होंने कहा कि जो वक्फ संपत्तियां समाज के गरीब, बेरोजगार, विधवा महिलाओं और यतीम बच्चों के लिए थीं, वे संपत्तियां बड़े प्रभावशाली लोगों के नियंत्रण में आ गईं। अब यह विधेयक इन संपत्तियों को पूरी तरह से पसमांदा समाज से छीनने की कोशिश है।

अनीस मंसूरी की मांग

श्री मंसूरी ने सरकार से चार प्रमुख मांगें की हैंरू

विधेयक से गैर—मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान हटाया जाए।

वक्फ संपत्तियों का उपयोग केवल गरीबों, विधवाओं, और यतीम बच्चों के कल्याण के लिए हो।

वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के लिए पसमांदा समाज के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

विवाद निपटारे के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायाधिकरण बनाया जाए, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप न हो।

सरकार पर गंभीर आरोपश्री मंसूरी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक संपत्तियों पर सरकारी कब्जा स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने इसे ष्सुधार के नाम पर वंचित वर्गों का शोषणष् बताया।

पसमांदा समाज करेगा विरोध प्रदर्शन

श्री मंसूरी ने चेतावनी दी कि अगर इस विधेयक को संशोधित नहीं किया गया, तो पसमांदा मुस्लिम समाज देशभर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने अन्य मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों से भी इस विधेयक के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।




# चतुर्थ सनातन धर्म संसद का हुआ शुभारंभ

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी—जिला संवाददाता)महाकुंभ में आयोजित चतुर्थ सनातन धर्म संसद का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय और आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। इस पावन अवसर पर आनंद विभूषित जगतगुरु परम पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज एवं आनंद विभूषित जगतगुरु श्री राघवाचार्य जी महाराज ने पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभांरभ किया ।

इस शुभ अवसर पर पूज्य जगतगुरू श्री राघवाचार्य जी महाराज, पूज्य जगद्गुरु विद्या भास्कर जी महाराज, जगद्गुरु बल्लभ दास जी महाराज, पूज्य साध्वी सरस्वती जी , परम पूज्य जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज, पूज्य जगद्गुरु श्री राघवाचार्य जी महाराज, पूज्य जगद्गुरु श्री वल्लभाचार्य जी महाराज, साध्वी प्राची देवी जी, महामंडलेश्वर अरुण चौतन्यपुरी जी महाराज, पूज्य महंत श्री राजू दास जी महाराज, पूज्य मेवाड़ पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 सुदर्शनाचार्य जी महाराज , पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति जी महाराज, पूज्य श्री विकास जी महाराज (वृंदावन), स्वामी श्री रामदास जी महाराज (वलसाड), सिख संत बाबा हरजीत सिंह जी (अयोध्या), पूज्य श्री अर्पित दास जी महाराज, पूज्य जैन आचार्य जितेंद्र जैन मुनि जी, पूज्य जगद्गुरु सूर्याचार्य कृष्णदेवानंद गिरि जी महाराज, पूज्य स्वामी कृष्णदेवानंद जी महाराज, स्वामी बलरामाचार्य जी महाराज (अक्षरधाम वृंदावन), पूज्य महामंडलेश्वमर संतोष दास जी महाराज सतुआ बाबा जी, पूज्य बाल योगी जी महाराज, युवाचार्य अभय दास जी महाराज, साध्वी डॉक्टर प्राची दीदी जी, महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोषानंद गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर नवल किशोर दास जी महाराज, पीठाधीश्वर अनल किशोर दास जी महाराज, स्वामी सत्य प्रकाशानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी सुरेशानंद दास जी महाराज (बद्रीनाथ धाम), जी ने देवरिया पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी राजनारायणाचार्य जी महाराज, मथुरा से भाजपा सांसद श्रीमती हेमा मालिनी जी, भाजपा विधायक टी राजा जी ने अपनी गरिमामय उपस्तिथि दर्ज कराई । पूज्य महाराज श्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत— महात्माओं, जगतगुरु, महामंडलेश्वरों, का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

चतुर्थ सनातन धर्म संसद में निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी हैंरू मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर, वैदिक प्रबंधन के अनुसार पूजा और प्रसाद की व्यवस्था, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करना, गुरुकुल, गौशाला और औषधालय की स्थापना करना।असहाय परिवारों के धर्मांतरण को रोकने के लिए आर्थिक सहायता की जाए। सहायता चतुर्थ सनातन धर्म संसद में सनातन बोर्ड का प्रारूप प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी पूज्य धर्माचार्यों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने सनातन धर्म संसद को संबोधित करते हुए कहा कि यह सनातन धर्म संसद धर्म की रक्षा और पुनर्स्थापना के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू संस्कृति और परंपराओं को नष्ट करने के लिए विभिन्न षड्यंत्र किए गए, जिनमें से सबसे बड़ा षड्यंत्र लॉर्ड मैकाले का था। उन्होंने हमारे गुरुकुल प्रणाली को समाप्त कर संस्कृत भाषा को हटाकर अंग्रेजी भाषा थोप दी, जिससे हमारी संस्कृति और शिक्षा प्रणाली को गहरी चोट पहुंची। भारत के सभी मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। मंदिरों के धन का उपयोग गुरुकुलों के निर्माण के लिए किया जाएगा, जहां गीता, रामायण और महाभारत जैसे धर्मग्रंथों की शिक्षा दी जाएगी। इन आधुनिक गुरुकुलों में धर्म के साथ—साथ कंप्यूटर और आधुनिक विषयों की शिक्षा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, मंदिरों की संपत्ति का उपयोग औषधालयों के निर्माण में किया जाएगा ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज सनातन धर्म संसद कार्यक्रम के दौरान भावुक हो गए। महाराज श्री ने परम पूज्य जगद्गुरु को पत्र सौंपते हुए कहा कि वे न पद चाहत हैं, न प्रतिष्ठा चाहते हैं, वे तो बस सुरक्षित हिंदुस्तान चाहते हैं।




# भूतेश्वर पर जलभराव से निपटने को रेलवे के साथ प्रशासन ने शुरू की कवायद

## –जल्द शुरू होगा गोविन्द नगर सड़क प्रोजेक्ट पर कार्य

## –डीएम, नगर आयुक्त ने किया प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

भूतेश्वर पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने रेलवे के साथ मिलकर समाधान की कवायद शुरू की है। नगर के भूतेश्वर रेलवे अंडरपास के नीचे होने वाले जलभराव का स्थायी समाधान होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा भूतेश्वर रेलवे अंडरपास का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कन्स्ट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम मथुरा के परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर परियोजना प्रबंधक को रेलवे अंडरपास के नीचे जल भराव के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण करते हुए परियोजना तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने संयुक्त रूप से अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी द्वारा मैप का अवलोकन कर प्लेन की जानकारी ली गई। फर्म मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन को परियोजना की गाइडलाइन के अनुसार तत्काल कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया जाएगा। इसी के साथ कार्य में लगे सभी संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजवीर सिंह चौधरी, नीरज वशिष्ठ, ब्रजेश खरे, धन्जय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेश तिवारी, कुंजबिहारी, प्रभारी मुख्य अभियंता अमरेंद्र गौतम, अवर अभियन्ता मुनि देव एवं सीवरेज ईकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, डेरा कन्सल्टेन्ट एवं मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन के प्रोपराइटर आदि उपस्थित रहें।



# मथुरावासी दिसम्बर में गटक गये '90 करोड' से ज्यादा की शराब

## –मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही से बढी सरकारी मदिरा की खपत

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

सर्दी में मदिरा की खपत बढ़ जाती है। अगहन, पूस की कडकडाती सर्दी में मथुरा वासियों ने खूब शराब गटकी। जिसके चलते मदिरा की बिक्री से राजस्व अर्जन में मंडल में मथुरा जनपद दिसम्बर महीने में अव्वल रहा, जबकि प्रदेश भर में छटवां स्थान रहा। दिसम्बर महीने में लगभग 90 करोड़ रूपये की शराब पी गये, जिससे सरकार को करीब 65 करोड़ का शुद्ध राजस्व मिला। हरियाणा और राजस्थान राज्यों की सीमाओं को जोडते हुए फैला मथुरा जनपद अंतरराज्यीय मदिरा तस्करों के लिए भी बेहद खास कडी रहता है। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के चलते सरकारी मदिरा की खपत में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष के दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 6 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है और 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तस्करी में प्रयुक्त चार वाहन भी जब्त किये गये। जबकि विगत वर्ष इसी अवधि में 790 लीटर शराब जब्त की गई थी और 42 अभियुक्त गिरफ्तार हुए थे। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मथुरा में दिसम्बर महीने में आठ लाख 47 हजार लीटर देसी, सात लाख 82 हजार बोतल अंग्रेजी शराब की बोतलों की खपत हुई। नौ लाख 65 हजार केन बीयर की गटक गये। विगत वर्ष सात लाख 42 हजार लीटर देशी शराब, 6 लाख 99 हजार बोतल अंग्रेजी शराब की जबकि 8 लाख 68 हजार केन बेयरी की कुल खपत हुई थी। मदिरा की बिक्री से विगत वर्ष दिसम्बर महीने में करीब 60 करोड़ का राजस्व मिला था जिसके सापेक्ष इस वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह बढ़कर 65 करोड़ से अधिक रहा। जबकि कुल बिक्री 90 करोड़ से अधिक की रही है। जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में उनकी तैनाती के दौरान एक अक्टूबर से अब तक मदिरा तस्कारी में 25 वाहनों को जब्त किया गया है।




# भाकियू अंबावता ने समस्याओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

चायल, (कौशाम्बी)। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) ने मंगलवार को तहसील परिसर में बैठक का आयोजन किया। बैठक के बाद किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के बाद समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील परिसर में किसानों ने बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि तहसील में आने वाले किसानों और फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। तहसील के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या का समाधान करने में आनकानी करते हैं। तहसील परिसर स्थित स्टेट बैंक में ट्रेजरी चालान जमा न होने से लोगों को चालीस किलोमीटर दूर मुख्यालय जाना पड़ता है। नगर पंचायत चायल में स्थित यूनानी अस्पताल जर्जर खपरैल भवन में चल रहा है। गांधीनगर वार्ड स्थित तबेला और तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। उसको अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया जा रहा है। पिछले दो साल से नेवादा ब्लाक के बड़ा पिपरहटा गांव में किसान राजकीय नलकूप की मांग कर रहें हैं। बोरिंग न होने से किसानों की 150 बीघा जमीन सिंचाई के अभाव में परती पड़ी रहती है। वहीं, गांव की आठ सौ मीटर कच्चे संपर्क मार्ग पर 76 साल बाद भी इंटरलाकिंग नहीं लगावाई गई है। इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। हरदुआ खास गांव में जलजीवन मिशन से बनाई गई पानी टंकी से जल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। किसानों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा को सौंपा। किसानों ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर उनकी समस्या का समाधान एक सप्ताह में नहीं किया गया तो वह लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाम हसन, यशवंत सिंह राठौर, दिल कुमार, मुन्ना लाल, सोनू राजपूत, अशोक कुमार, मंजू तिवारी, ढन्नू लाल, मेडिया, राजू लाल, राजपति, फूला देवी, बेलपति, बड़ेलाल, त्रिभुवन लाल, गुड्डी देवी, मणिश्याम पांडेय और धर्मेंद्र कुमार समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आईं 10 शिकायत

## -सात शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) नगर निगम में हुई जनसुनवाई में 10 शिकायतें पहुचीं। अपर नगर आयुक्त रामजी लाल एवं अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 10 शिकायत प्राप्त हुईं। जिसमें सात शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुईं शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता सिविल मोहम्मद रिजवान अहमद, अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र गौतम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



# घर के बाहर खड़ी कार को चोरों ने किया पार

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के निंबिहा मजरा सैयद सरावां गांव में सोमवार की शाम पत्नी को बुलाने ससुराल गए चालक की कार को चोरों ने पार कर दिया।रात के समय कार नदारद देख चालक के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर मालिक ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रयागराज जिले के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत बिहका उर्फ पूरामुफ्ती गांव निवासी ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय पुत्र हनुमान प्रसाद ने बताया कि उनके पास ईको कार है। सोमवार को गांव का ही चालक अजय पासी अपनी पत्नी को बुलाने के लिए चरवा थाने के निंबिहा मजरा सैयद सरांवा गांव गया था। इसी दौरान ससुराल में घर के बाहर खड़ी उसकी कार को चोरों ने पार कर दिया। कार नदारद देख चालक के होश उड़ गए। उसने घटना की जानकारी मालिक को दी। जानकारी मिलने के बाद मालिक बदहवास हालत में मौके पर पुहंचे। काफी खोजबीन के बाद भी कार का सुराग न लगने पर मालिक ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# आधा दर्जन गांव में हुई समाजवादी पार्टी का पीडीए जनपंचायत पर चर्चा

सिराथू, (कौशाम्बी)। समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पीडीए जन पंचायत पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन सिराथू विधानसभा क्षेत्र के अफजलपुरवारी, लोहटी, काजीपुर, खुजा, मैदाही, सरैया, जहीदपुर, मकनपुर आदि गांव में आयोजित किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता परेशान है। प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होते है कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। सपा जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा पूरी तरह से नाकाम रही है। भाजपा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश में कई विकास कार्य किए गए थे, लेकिन भाजपा के शासन में विकास पूरी तरह से ठहर गया है।

# तुलसी के आंगन में हुआ मेधा व बुजुर्गजनों का सम्मान

बलदीराय सुल्तानपुर (आरएनएस )। बल्दीराय ब्लाक के पूरे तुलसीराम तिवारी का पुरवा में स्वर्गीय जगपति देवी की द्वितीय पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मेधावियों का सम्मान हुआ। पांच 80 वर्षीय स्वास्थ्य बुजुर्गजन सम्मानित हुए।ग्राम सभा सादुल्लापुर के सौ अल्पआय वर्ग परिवार के प्रतिनिधियों का कंबल भेंट किया गया। मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डा. अवधेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय व मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय जगपति के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला संघ चालक डा अवधेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है, लेकिन इसके उपयोग का तरीका जानना भी जरूरी है। बताया कि त्रेतायुग का महाज्ञानी ज्ञान के दुरुपयोग के कारण ही दुरात्मा रावण बना। कहा शिक्षा का सदुपयोग करना होगा। सदमार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र के उन्नयन में सहायता करनी होगी। विशिष्ट अतिथि मनीषा पांडेय ने कार्यक्रम को सराहा। इसे ग्राम स्तर पर ही नहीं बल्कि जिला व प्रदेश स्तर के लिए उदाहरण है। कहा ग्राम सभा में मेधावियों को सम्मानित करना उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने आयोजक वीरेंद्र कुमार तिवारी को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संयोजन इंजीनियर नवीन तिवारी, अभिषेक तिवारी व विवेक तिवारी ने किया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में कैप्टन बाल चंद इंटर कालेज मीरपुर , रामरति मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल रसूलपुर के मेधावी क्रमशरू हर्षिता मिश्रा, आयुषी श्रीवास्तव, श्रद्धा यादव, साक्षी सिंह, वैभव अग्रहरि, अनिमेष यादव, आदित्य तिवारी, गौरव यादव, सुरेंद्र द्विवेदी को मेडल व पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। गौरव यादव को स्वर्गीय रामबली प्रजापति सम्मान दिया गया। अन्य मेधावियों को स्वर्गीय रामसुमिरन, गयादीन, शिवमूर्ति व राममूर्ति सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा प्रेरणादायी बुजुर्ग पंडित राम कुमार शास्त्री, संकठा प्रसाद तिवारी व देवी प्रसाद, राम करन वर्मा व संत राम प्रजापति को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। देवी प्रसाद तिवारी ने नई पीढ़ी को खान पान अच्छा व खूब परिश्रम करने को कहा। इसके बाद सौ ग्राम सभा के सौ परिवारों के प्रतिनिधि सदस्यों को कंबल भेंट किया गया। इसके पहले सुंदरकांड के पारायण से इसकी शुरुआत हुई। वीरेंद्र कुमार व पत्नी शेष तिवारी ने आरती की। प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर राजधर शुक्ला, घनश्याम अग्रहरि, प्रदीप यादव, एबीवीपी के विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी, अमन वर्मा, रूपेश द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, रूप नारायण, तिवारी, करूणा शंकर तिवारी, अर्जुन यादव, जय प्रकाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र शुक्ला ने किया।

# सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों के लिए शस्त्र ट्रेनिंग कैंप का हो आयोजन – डीपी गुप्ता

सुलतानपुर(आरएनएस )। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक में शिरकत करते हुए भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने जिला अधिकारी सुल्तानपुर कुमार हर्ष को एक आवेदन पत्र सौंप कर सेफ हैंडलिंग आफ् आर्म्स एंड एम्युनिशन हेतु जिले में व्यापारियों के लिए एक शस्त्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाये जाने की मांग किया। दिए गए अपने आवेदन पत्र में भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने लिखा कि जिले के तमाम व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उनकी जान माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं परन्तु शस्त्रों के सुरक्षित रखरखाव व इस्तेमाल हेतु उन्हें किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण आज तक नहीं मिला है। ऐसे में किसी मुसीबत या आपराधिक वारदात होने पर वे अपने जान माल की सुरक्षा हेतु लाइसेंसी शस्त्रों का प्रयोग कैसे करें,इसकी तकनीकी जानकारी व्यापारियों को होना नितांत आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि कि उचित प्रशिक्षण के अभाव में व्यापारियों में आत्मविश्वास की कमी रहती और वे शस्त्र होने के बावजूद अचानक घटित होने वाले आपराधिक वारदातों के समय उसका सामना उचित ढंग से नहीं कर पाते। इसी के साथ उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का एक ट्रेनिंग कैंप श्रावस्ती जिले में फरवरी 2024 को आयोजित हुआ था जिसमें अवध राइफल शूटिंग अकादमी लखनऊ से पधारे शूटिंग कोच विक्रम राय व जमाल असगर राना द्वारा वहां के व्यापारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। ऐसी स्थिति में जनपद सुल्तानपुर में भी व्यापारियों को लाइसेंसी शस्त्रों के सुरक्षित प्रयोग व उनके रख रखाव हेतु एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना आवश्यक है। जिला

अधिकारी सुल्तानपुर को आवेदन पत्र सौंपते वक्त युवा संयोजक अरविंद चौरसिया, शोभित मोदनवाल, रामदीन अग्रहरि, प्रदीप मिश्रा आदि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# संतो महंतो के साथ बैठक करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

## मिल्कीपुर विधानसभा को पहली बार मिला राष्ट्रीय स्तर का पद

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। सपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव के मद्देनजर अगड़ा कार्ड खेलते हुए विधानसभा क्षेत्र के निवासी आनंद सिंह मिंटू को युवजन सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। आनंद सिंह मिंटू कई वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं और वह पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव के करीब भी माने जाते हैं। आनंद सिंह मिंटू लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे हैं। बाद में वह कांग्रेस पार्टी से जुड़े गए और 2013 में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वर्ष 2014 से अब तक समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे। क्षेत्र में सपा कार्यकर्ता के रूप में उनकी अच्छी खासी पहचान भी है। उनके पिता स्वर्गीय रण बहादुर सिंह शिक्ष विद् एवं समाजसेवी थे। पीडीए को लेकर भाजपाई लगातार सपा को घेर रहे थे कि सपा में अगड़ों के लिए कोई स्थान नहीं है। सपा ने इसका जवाब देते हुई मिल्कीपुर सरूरपुर गांव निवासी आनंद सिंह मिंटू की युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर ताजपोशी की है। मिल्कीपुर के किसी कार्यकर्ता को पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिला है। उपचुनाव की दृष्टि से आनंद सिंह का मनोनयन काफी अहम माना जा रहा है। उन पर उपचुनाव में युवाओं के साथ–साथ क्षत्रियों को जोड़ने की भी जिम्मेदारी होगी। आनंद सिंह मिंटू ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने जो भरोसा जताया है इससे मिल्कीपुर का हर नौजवान खुश है। सर्व समाज सपा के साथ है, समाजवादी पार्टी मिल्कीपुर उपचुनाव जीतेगी।

# श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय ने 3–1 से जीती वालीवाल प्रतियोगिता

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस ) अंतर्जनपदीय स्वर्गीय राणा प्रताप सिंह स्मारक वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के जनता इण्टर कालेज हरदोईया में किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय की टीम ने रामनेवाज सिंह महाविद्यालय की टीम को 3–1 के अंतर से हराकर ट्राफी अपने नाम की। एक दिवसीय अंतरजनपदीय स्वर्गीय राणा प्रताप सिंह स्मारक वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को क्षेत्र के जनता इण्टर कालेज हरदोईया में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में अयोध्या, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बस्ती, आजमगढ़, लखनऊ की कुल 19 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच हरदोईया ए व हरदोईया बी के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में हुए लीग मैच में चार टीमो ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पहला सेमीफाइनल रामनेवाज सिंह महाविद्यालय व कीन्हपुर तथा दूसरा मुकाबला श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय व हरदोईया की टीमों के बीच खेला गया जिसमें रामनेवाज सिंह महाविद्यालय व श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय की टीमों ने फाईनल के लिए क्वालीफाई किया।फाईनल मुकाबला 25 अंक के चार सेटों में खेला गया जिसमें श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय की टीम ने 3–1 के अंतराल से रामनेवाज सिंह महाविद्यालय की टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय के युवराज सिंह को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य शिवराम सिंह,हरिबक्स सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,विधायक गोसाईगंज अभय सिंह,शिवराम सिंह,देवबक्स सिंह,अनिल सिंह,गन्ना समिति के चेयर मैन संतोष सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह,आशीष श्रीवास्तव आदि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए आशीर्वाद दिया। समाज सेवी संतोष सिंह ने प्रतियोगिता की विजेता टीम को 15 हजार नगद व ट्राफी तथा मैडल और उपविजेता टीम को 10 रुपये नगद ट्राफी ,मैडल प्रदान किया गया।इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# एनसीसी ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली, हेलमेट लगाने का किया निवेदन

सुलतानपुर(आरएनएस )। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा रैली निकाली। विद्यार्थियों ने रास्ते में आने जाने वालों को यातायात नियमों की जानकारी दी व हेलमेट लगाकर चलने का निवेदन किया।

प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहा व एमजीएस चौराहा होते हुए कालेज पहुंची। रैली के साथ चल रहे एनसीसी समन्वयक डॉ आलोक कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि,एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव,वीरेंद्र कुमार गुप्त व डॉ विभा सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि रैली के रास्ते में मिलने वाले 90 प्रतिशत से अधिक बाइक चालक बिना हेलमेट के और चार पहिया चालक बिना सीट बेल्ट के थे। सभी से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर चलने का निवेदन किया गया।

# अटल के आदर्श हमारे लिए अमूल्य धरोहर डा. एमपी सिंह

## '15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन होगा आयोजित'



सुलतानपुर(आरएनएस )।भाजपा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी। पूर्व पीएम की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ एमपी सिंह ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की।उन्होंने कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है।उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे।उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनको राजनीति का ध्रुवतारा बताया और अटल जी रचित कविता सुनाई।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी के संचालन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजातशत्रु बताया।उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 25 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जाएगा।इस दौरान मौजूद लोगों ने पार्टी कार्यालय पर अटल जी के जीवन व योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू आदि मौजूद रहे।

# कुलदीप सिंह ने उत्कृष्ट कार्य के लिये वीरता पदक पाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस )। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए वीरता पदक पाने वालों में सोहावल के सुरवारी गांव का लाल कुलदीप सिंह 40 वर्ष भी शामिल रहा। जिसे मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया और क्षेत्र समाज ही नहीं जनपद अयोध्या का भी मान बढ़ाया। वर्ष 2025 में इस पदक में शामिल हुए प्रदेश के 10 आरक्षियों में शामिल एस टी एफ में मुख्य आरक्षी पद पर तैनात कुलदीप पुत्र उमा शंकर सिंह को अपराधियों को सबक सिखाने में माहिर माना जाता हैं। 2006 में साधारण सिपाही से भर्ती हुए इस जवान को 2013 में एस टी एफ में जाने का अवसर मिला जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन और साहसिक सेवा भाव से कार्य करने के कारण इस आरक्षी को मुख्य आरक्षी के पद पर नवाजा गया इसे पहले भी डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित किया गया है। इस बड़ी उपलब्धि मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया वीरता पदक मिलने की खबर पहुंचते से गांव में ही नहीं बल्कि क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ रही है। पूर्व में पुलिस विभाग में रहकर अपनी सेवा दे चुके पिता उमा शंकर सिंह के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# रामलला ने तोड़े पुराने रिकार्ड, 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

## –सभी पथ श्रद्धालुओं से खचाखच, गलियों में लगा जाम

## –बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामलला व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन

अयोध्या(आरएनएस )। "गंगा बड़ी न गोदावरी, तीरथ बड़ौ न प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी, जहां राम लियो अवतार।" इसी प्रचलित कहावत के मायनों को श्रद्धालुओं ने सिद्ध कर दिया है। गणतंत्र दिवस पर श्रद्धालुओं का अयोध्या में ऐसा रेला उमड़ा की हर कोई अचंभित रह गया। रामलला ने अपने पुराने रिकॉर्डों को तोड़ दिया। लाखों की संख्या में लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिछले 30 घंटे में लगभग 25 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन को पहुंच चुके हैं। इसमें बड़ी संख्या में अभी भी श्रद्धालुओं1 के आने का क्रम जारी है। श्रद्धालु रामलला और हनुमानगढ़ी मंदिर की तरफ ही रुख कर रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि आने वाली अमावस्या, बसंत पंचमी पर्व तक अयोध्या श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रहेगी। प्रयागराज के महाकुम्भ को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई थी। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया था की अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की तकलीफ नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए जिला प्रशासन लगातर नजर बनाए हुए है। भीड़ प्रबंधन को लेकर मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार व जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, मैहर लगातर मेला क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। राम मंदिर में बैठक कर भीड़ के प्रबंधन का भी इंतजाम कर रहे हैं।राम मंदिर को देखते हुए सरकार ने अयोध्या में सड़कों का चौड़ीकरण कराया। दिल्ली के कर्तव्य पथ की तरह अयोध्या में करोड़ों की लागत से रामपथ का निर्माण कराया गया, लेकिन संभावना से परे भीड़ पहुंचने के बाद रामपथ भी फुल हो गया। इसके अलावा राममंदिर को जाने वाला मार्ग जन्मभूमि पथ व हनुमानगढ़ी को जाने वाला भक्तिपथ और धर्मपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता जा रहा है। अयोध्या की सभी गालियां श्रधालुओं से पटी पड़ी हैं। राम मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रस्ट ने अंगद टीला से श्रद्धालुओं के निकास की व्यवस्था की थी, लेकिन भीड़ अप्रत्याशित होता देख तीन नम्बर गेट से भी निकासी का रास्ता खोल दिया गया है। हनुमानगढ़ी पर डेढ़ किमी लगी लंबी लाइन को देखते हुए नई लेन तैयार की गई है। भीड़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन की पहल से की गई कसरत काफी काम आ रहा है। बड़े वाहनों को मौनी अमावस्या को देखते हुए डायवर्जन किया जाना है।

हालांकि अभी से अयोधया में वाहनों का प्रवेश बंद करा दिया गया है। ठहरने के लिए आश्रय स्थलों में 20 हजार लोगों के लिए व्यवस्था है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि सभी पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। चौक–चौराहों पर श्रद्धालुओं के स्वागत को सजावट भी कराई गई है। भीड़ को देखते हुए राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला पुलिस कर्मियों को भी उतारा गया है।

# सीएम योगी बुलडोजर बाबा के साथ अर्थ प्रबंधन बाबा भी–दिनेश शर्मा

## –नगर पंचायत कुमारगंज में हुआ भाजपा का प्रबुद्ध शिक्षक सम्मेलन

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस )। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के समर्थन में चंद्रबली सिंह उर्मिला पीजी कॉलेज परिसर में प्रबुद्ध शिक्षक सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रबली सिंह की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा रहे। प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का विकास जनप्रतिनिधि ही चौतन्यता से होता है। सरकार सब देती है, लेकिन जब तक जनप्रतिनिधि ही नहीं चाहेगा तब तक विकास नहीं हो सकता। चुनाव जीतने के बाद सपा सांसद प्रभु श्री राम का दर्शन करने नहीं गए बस जातियों में बांटकर यह लोग राजनीति करते हैं। एक रहोगे तो कीमत ज्यादा रहेंगी सभी सनातनी है, मिलकर रहेंगे डर कर नहीं रहेंगे। सपा मुखिया पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने कुंभ में यूं ही डुबकी नहीं लगाई ,मिल्कीपुर चुनाव को देखते हुए डुबकी लगाई है। क्योंकि उनकी नाव डूब रही है अंतर मन से डुबकी नहीं लगाई। अखिलेश यादव कहते हैं हमारी सरकार में 800 करोड़ खर्च किया आधा कहां गया। मॉरिसन के राष्ट्रपति बिना स्नान किए चले गए थे, आज कितने लोग विदेशी डुबकी लग रहें हैं। अखिलेश यादव योगी बाबा के राज में 11 बार डुबकी लगाई। जिनको अपना घर संभालना नहीं आता वे महाकुंभ पर टिप्पणी करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने यहां भी कहा कि यूपी के दो लड़कों में से एक ने तो नहा लिया, दूसरे भी जाने का इंतजार कर रहे हैं। ये बदलता हुआ भारत है। महाकुंभ में जाति का बंधन तोड़ते हुए सभी सनातनी डुबकी लगा रहे हैं।तो कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। अयोध्या का जितना विकास हुआ है किसी के समय में नहीं हुआ होगा, इन्होंने अयोध्या को खून से लाल किया है। सैफई में जब कोई बच्चा पैदा होता है तो कहते हैं प्रमुख जी आ गये, और लड़की पैदा होती है तो कहते हैं प्रधान जी आ गए ,और यह परिवारवाद अयोध्या में भी आ गया लेकिन अब परिवारवाद नहीं चलेगा। आपका प्रत्याशी ऐसा है कि मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के पास जाकर मिल्कीपुर के विकास के लिए योजनाओं को लेकर आएगा। डबल इंजन की सरकार बहुत दिनों तक चलेगी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहा है। पहले कांग्रेस और आप एक साथ हाथ हिलाते थे , और अब एक दूसरे को भ्रष्ट बता रहे हैं, योगी बाबा महाकुंभ में अपने मंत्रिमंडल के साथ डुबकी लगा चुके लेकिन केजरीवाल की हिम्मत नहीं है वो यमुना में डुबकी लगा सके। सन्यासी का कोई परिवार नहीं होता उनका परिवार तो जानता है। मोदी और योगी किसी को विधायक बनायेगे तो वह कार्यकर्ता है। आप लोग चंद्रभानु पासवान को भारी मतों से विजयी बनाएं मिल्कीपुर की जनता ऐसा जवाब देगी कि उनकी जमानत जप्त हो जाए। वित्तविहीन शिक्षक तदर्थ शिक्षक हमारी प्राथमिकता में है और आप लोगों को हमसे कोई निराशा नहीं होगी। मिल्कीपुर चुनाव अयोध्या की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। प्रभु राम के चरणों में मिल्कीपुर सीट अर्पित कर देनी है। विपक्ष तुष्टीकरण का प्रणेता है, हिंदू त्योहारों पर पत्थरबाजी होती है। संभल में सपा के लोग पत्थर बाजो से मिलने गये थे, उनसे सहानुभूति है, लेकिन घायल पुलिस कर्मियों से मिलने नहीं गए, महाकुंभ में आईपीएल से भी ज्यादा इनकम हो रही है, पहले लोग ताजमहल देखने जाते थे लेकिन अब अयोध्या, मथुरा, काशी, विंध्याचल, चित्रकूट, नैमिषरायण दर्शन करने जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि योगी बाबा बुलडोजर बाबा के साथ ही अर्थ प्रबंधन बाबा बन गए हैं, क्योंकि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है। सपा शासन काल में जब कुंभ लगा था तो श्रद्धालुओं के लिए बस की व्यवस्था भी नहीं हो पाई थी, योगी सरकार में बस, हवाई जहाज, ट्रेन आदि की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने प्रबुद्ध में सम्मेलन उपस्थित लोगों से कहा कि 5 तारीख को मिल्कीपुर में एक चुनावी यज्ञ है । यज्ञ में आहुति तीन उंगलियों से डाली जाती है लेकिन इस यज्ञ में एक उंगली से कमल के फूल के सामने वाली बटन दबाकर आहुति देनी है,

## महापौर ने संतो व महंतों संग की बैठक, आवागमन में असुविधा न होने का दिया भरोसा

अयोध्या(आरएनएस )। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने रामनगरी के संतों–महंतों एवं नागरिकों का आह्वान किया कि वह बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपने मठ–मंदिरों एवं घरों में स्थान दें, ताकि वह अयोध्या की अच्छी छवि लेकर वापस लौटें। वह तुलसी स्मारक भवन में संतों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला के साथ भगवन श्रीराम के प्रति अगाध श्रद्धा के चलते प्रतिदिन लगभग दस लाख लोग आ रहे हैं। इन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा की अगुआई में नगर निगम तत्पर है। दस हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। घाटों से लेकर नगर क्षेत्र में सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने संतों के सवाल उठाने पर आवागमन की असुविधा को दूर करने का भरोसा दिया और इस संबंध में उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, साफ–सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर महंत जयराम दास, पार्षद प्रतिनिधि प्रियेश दास, सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्त, श्रीनिवास शास्त्री एवं कई संत उपस्थित रहे।

# नवभारतीय किसान संगठन का हुआ विस्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। मिल्कीपुर तहसील के पटखौली बाजार स्थित नव भारतीय किसान संगठन अराजनैतिक के जिला कार्यालय पर मंगलवार को कई किसानो को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्वांचल अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा ने सभी किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रुदौली तहसील के अमहटा निवासी किसान नेता रामकुमार यादव पुत्र शंकर बख्श यादव को पूर्वांचल उपाध्यक्ष तथा अमानीगंज के गौहनिया निवासी बीपी यादव उर्फ गुदुन यादव को मंडल अध्यक्ष अयोध्या के पद पर मनोनीत किया गया।इस अवसर पर पूर्वांचल अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा ने संगठन से जुड़े सभी नए किसानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई,उन्होंने किसानों को संगठन के विस्तार के साथ–साथ किसान हित में कार्य करने की सलाह दिया।नवनियुक्त पूर्वांचल उपाध्यक्ष रामकुमार यादव ने नव भारतीय किसान संगठन में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की नीतियों के अनुसार किसान हित में कार्य करेंगे। इस मौके पर संगठन की महिला जिला अध्यक्ष चिंतामणि मिश्रा,रामचंद्र मौर्य,रामराज यादव,देव बक्श सिंह, केदारनाथ पांडेय,सभाराज मौर्य,भानुमती,मंजू सिंह,दल बहादुर चौहान,दीपचंद,प्रभु शरण,हृदयराम यादव,राम सुमेर,राधो मुरारी,राजेश चौहान समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# सरकार व प्रशाशन की दमनकारी नीतियों से डरे बिना करें मतदान – पवन पाण्डेय

## –मतदान की तिथि नजदीक आते ही सपा ने झोंकी ताकत, लोगों के किया संवाद

अयोध्या(आरएनएस )। उपचुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आते ही समाजवादी पार्टी ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में पूर्व मंत्री और सपा प्रवक्ता तेज नारायण पांडेय 'पवन' और वरिष्ठ सपा नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप' ने रेवतीगंज बाजार से सटे कई ग्राम सभाओं के सैकड़ो लोगों से गायत्री पब्लिक स्कूल में जन संवाद स्थापित किया। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार के पास जनता की किसी भी समस्या के समाधान के रूप में अगर कोई जवाब है तो वह है जय श्री राम। आज जब प्रदेश के बेरोजगार युवा और परेशान किसान मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर सवाल करने की कोशिश करते हैं तो सरकार प्रशासन रूपी डंडे का इस्तेमाल करके फर्जी मुकदमे में फंसाने का काम करती है। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार और प्रशाशन की दमनकारी नीतियों से डरे बिना सभी को अपने मतदान का प्रयोग जरूर करना है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिकता की मानसिकता रखने वाले आज गंगा जमुनी तहजीब से संपन्न देशवासियों को देश भक्ति का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। भ्रष्टाचार जनता पार्टी बन चुकी बीजेपी में अगर कोई काम बहुत ही ईमानदारी से होता है तो वो है भ्रष्टाचार जहां पर सिर्फ पूंजीपतियों की सेहत का खयाल रखा जाता है। प्रदेश के मुखिया के बयान कि वे असली राष्ट्र भक्त हैं पर चुटकी लेते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि क्या हम सब पाकिस्तानी हैं। मिल्कीपुर में अपनी हार सुनिश्चित देखकर डरी हुई सरकार सरकारी तंत्रों का गलत इस्तेमाल कर जनता को उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का असफल प्रयास कर रही है। जनता को मवेशियों से अपने खेतों की रखवाली करने जैसी स्थाई नौकरी देने वाली भाजपा को खामोश जनता आगामी उपचुनाव में जवाब देने का मन बना चुकी है। अनूप सिंह ने कहा कि मिल्कीपुर के क्रांतिकारी युवा और किसान परेशान हो सकते

# डबल इंजन की सरकार ने अन्त्योदय के उद्देश्य को किया साकार - स्वतंत्र देव सिंह

अयोध्या(आरएनएस )। मिल्कीपुर विधान सभा के हरदोईया ग्राम पंचायत में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनचौपाल लगाया। जोरियम, सरूरपुर, अजरौली में रायबरेली विधायक अदिति सिंह ने घर–घर जनसम्पर्क किया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कोटिया, विनायकपुर, नंदौली, चमरूपुर, नवगवां, मंझनपुर, रामपुर गौहनिया, जयराजपुर, ढोली आसकरन, गद्दौपुर, जगदीशपुर, डीली सरैया, इब्राहिम पुर में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बरियारपुर, पराग पाण्डेय का पुरवा, बरईपारा कुमारगंज में जनचौपाल लगाया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनचौपाल में कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार किया। समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है।

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड



घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है। भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशरू 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते—घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी—रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011—12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022—23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने—पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं। पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है। गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने—अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। ग्रामीण आबादी को बुनियादी शिक्षा और रोजगार गांवों या उसके आसपास ही उपलब्ध कराने की नीतियों पर आगे बढ़ना चाहिए। अगर ऐसा होगा तो निश्चित तौर पर आबादी को संतुलित किया जा सकेगा। तब गांव आबादी विहीन नहीं होंगे और शहरों पर आबादी का असंतुलित बोझ नहीं बढ़ेगा। गांवों में हो रही खपत और खर्च को लेकर आ रहे आंकड़ों का पहला असर यही होना चाहिए कि गांवों में आबादी रूके। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीण इलाके में बढ़ते खर्च से अव्वल तो गांवों में रोजगार के साधन बढ़ने चाहिए। लेकिन इस दिशा में ठोस बदलाव होते नजर नहीं आ रहे। बेशक आज आजादी के बाद के दौर की तरह के बदहाल गांव नहीं हैं। बेशक शहरों जितना उसे बिजली नहीं मिलती, लेकिन पहले की तुलना में अब गांवों को भी बिजली ज्यादा मिल रही है। गांवों में भी उपभोक्ता वस्तुएं पहुंची हैं। इससे बेशक पारंपरिक संस्कृति चोट भले ही पहुंची हो। यह भी सच है कि ग्रामीण विकास और दूसरी कल्याण योजनाओं के जरिए गांवों में केंद्रीय और राज्य सरकारों की ओर से पैसा जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि उस पैसे का एक बड़ा हिस्सा जमीनी स्तर पर खर्च होने की बजाय नौकरशाही और राजनीतिक रिश्वत के रूप में शहरी इलाकों में ही रूक रहा है और वहीं निवेशित हो रहा है। इस लिहाज से देखें तो ग्रामीण इलाके में जैसी समृद्धि दिखनी चाहिए, कम से कम जमीनी स्तर पर वैसी समृद्धि नहीं है। गांवों का जैसा रूप होना चाहिए, वैसा नहीं है। इसलिए सिर्फ घरेलू खर्च के जरिए ही गांवों की खुशहाली और समृद्धि की खोज करना उचित नहीं होगा। यह तभी होगा, जब गांवों की खुशहाली और समृद्धि मापने के लिए समन्वित और समावेशी मूल्यांकन प्रणाली अपनाएंगे, जिसमें यह भी देखा जाएगा कि कितनी ग्रामीण आबादी को मजबूरी में गांव पीछे छोड़ना पड़ा है और कितनी आबादी गांव लौट रही है। गांवों के लिए ऐसी समन्वित नीतियां तैयार करना और उन्हें लागू करना होगा, जिनके जरिए परंपरा भी बची रहे, संस्कृति की धारा भी अजस्र बनी रहे, समृद्धि भी आए और गांवों को शहरों का मोहताज नहीं होना पड़े, जैसा महात्मा गांधी चाहते थे।

# सम्पादकीय

## उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू—कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू—कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट—डॉट—डॉट।

पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया—उल—हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर—उल—हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।

जिहाद की वकालत कर, अल—जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत—पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।

सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू—कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है।

पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट—डॉट—डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

## राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूर

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन—शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी।यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान—सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक—सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक—दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक—दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक—सामाजिक संगठन अपने—अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक—दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर—तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके। आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे—बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस—पड़ोस में ही देखें—बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल—तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अतरू आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर—तरीकों का उपयोग एक—दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है।

# दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं, लाटरी पेश कर रहे हैं राजनीतिक दल

आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। इस समय दिल्ली में सेल चल रही है। वैसे अक्सर सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है। दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं—कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन—रात भारत—चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे।इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल— नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8—9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5—4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनरू 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है।

जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती—जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय श्जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना



जरूरी है।

धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी।

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं।

खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून—मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है। ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं।

जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है। किसी स्थल की धारण क्षमता को केवल इंजीनियरिंग संदर्भ में मृदा परतों पर किसी निर्माण भार की मान्य परिभाषा से इत्तर अभी भी भूगर्भीय हलचल में भूकंपकीय और जलवायु बदलावों के दंशों से निरंतर सहम जाने वाले हिमालयी क्षेत्रीय पारिस्थितिकी परिवेश के संसाधनों पर भार से भी जोड़ कर समझें।

जहां मानव के वश के बाहर के इन कारणों के कारण धारण क्षमता के संदर्भ में अंतिम रूप से कभी भी कुछ कहना संभव नहीं होगा। मानव वश के समाधान तो बापू के इस कथन में ही ढूंढें कि पृथ्वी—प्रकृति के पास दुनिया भर के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु लालच के लिए नहीं है। उसी तरह हम धारण क्षमता बढ़ा सकते हैं। हम जर्जर होकर भी फिर से उठने की राह पकड़ सकते हैं किन्तु अनुशासित होकर उपभेग को कम से कम करके लालच को कम करके।

बहुत जरूरी है कि यदि आपको पहाड़ों में उनकी धारण क्षमता को अपने लिए कम से कम क्षत—विक्षत करके रहना है तो अपनी मानसिक धारण क्षमता भी बढ़ाइए कि पहाड़ प्रकृति के साथ समन्वय में रह सकें। पहाड़ पहाड़ रह कर अपनी आबोहवा से जैव—विविधता से आपको पर्याप्त दे सकते हैं किन्तु उनको मैदान बना कर पाना चाहेंगे तो उसकी वहनीय क्षमता टूट जाएगी क्योंकि तब किसी भी निर्माण कारणों गहराई तक काटना होगा। ऐसे में अस्थिर ढलानों को स्थिर करने का काम न किया जाए तो निर्माण की धारण क्षमता सवालों के घेरे में ही रहेगी। वाहन खड़े करना भी उत्तराखंड में मौत को न्योता देना रहा है। ऐसे ही नागरीय जल स्रेतों की जलापूर्ति की कितनी ही क्षमता हो यदि भूस्खलन या सड़क निर्माण के दौरान गहरे कटानों या विस्फोटों से यदि वे क्षतिग्रस्त हो गए हों तो उनके पहले की आकलित धारण क्षमता पर तो भरोसा नहीं होगा।

# आज का राशिफल

मेष राशि—
आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा।

वृष राशि—
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस—पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

मिथुन राशि—
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

कर्क राशि—
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे।

सिंह राशि—
आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

कन्या राशि—
आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान— प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा।

तुला राशि—आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

वृश्चिक राशि—
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक—झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा।

धनु राशि—
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी।

मकर राशि—
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा।

कुंभ राशि—
आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा,

मीन राशि —
आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। विद्यार्थियों का दिन आज व्यस्त रहेगा। आज आपको अधिक क्रोध से बचना होगा, नहीं तो आपको ही परेशानी होगी।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर चोट करने के लिए चीन की नई चाल, कंपनियों को टारगेट पूरे करने में हो रही दिक्कत

इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इंडस्ट्री इस पॉलिसी के कारण मुख्त तौर पर प्रभावित हुए हैं। चीन ने जरूरी मशीनी उपकरणों का निर्यात बंद कर दिया है। इससे कंपनियों को प्रोडक्शन में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत और चीन फिर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करने पर राजी हो गए हैं। एलएसी पर डिसइंगेजमेंट को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन गई है। वहीं चीनी विदेश मंत्री वांग यी का हालिया बयान कि चीन और भारत को एक दूसरे से आधे रास्ते पर मिलना चाहिए और आपसी समझदारी व सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। ये सब सुनने में कितना अच्छा लगता है और एकदम ट्रू फ्रेंड वाली फिलिंग आने लगती है। लेकिन क्या सच में चीन पर भरोसा किया जा सकता है? ये एक ऐसा सवाल है , जिसका जवाब चीन ने इतिहास में पिछले कई मौकों पर अपने कदमों के जरिये खुद ही दिया है। हमारे पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। शनि की साढ़े साती के बारे में सुनते ही लोग परेशान हो जाते हैं।



चीन भारत की कुंडली में साढे साती सरीखा ही है। उसका मकसद किसी भी तरह भारत की तरक्की में विघ्न डालना है। लेकिन बात इस बाद विवादास्पद सीमाओं की चीन ने रोका मशीनी उपकरणों का निर्यातइलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इंडस्ट्री इस पॉलिसी के कारण मुख्त तौर पर प्रभावित हुए हैं। चीन ने जरूरी मशीनी उपकरणों का निर्यात बंद कर दिया है। इससे कंपनियों को प्रोडक्शन में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के लिए चीन एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इसने हाल ही में भारत में इन महत्वपूर्ण मशीनों की बिक्री को रोकना शुरू कर दिया है, जिससे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं उथल–पुथल में पड़ गई हैं। स्थिति इस हद तक बढ़ गई कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के वाइस चांसलर रॉबर्ट हेबेक को चेतावनी दी कि अगर चीन इन महत्वपूर्ण बिक्री में बाधा डालना जारी रखता है तो भारत के पास जर्मन निर्मित टीबीएम खरीदना बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। फार्मास्युटिकल क्षेत्र में जहां भारत की उत्पादन–लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), दवा मध्यवर्ती (डीआई), और प्रमुख प्रारंभिक सामग्री (केएसएम) के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण को बढ़ावा दे रही है, चीनी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की सरकार ने जानबूझकर कैपिटल इक्विपमेंट का निर्यात रोक दिया है। इसका असर ये हो रहा है कि भारतीय कंपनियों के लिए उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और मांग के अनुसार उत्पादन करना मुश्किल हो गया है। चीन प्लस वन रणनीति ग्लोबल ट्रेंड स्ट्रैटजी है। इसके तहत कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए उसके अलावा अन्य देशों में भी निवेश करती है। ये रणनीति मुख्य रूप से चीन अमेरिका व्यापार युद्ध और कोविड–19 महामारी के बाद उभरी है। पिछले 3 दशकों पर नजर डालें तो पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने चीन में बड़े पैमाने में निवेश किया। निवेश को बढ़ाने की कम परिश्रमिक वाले मजदूरों का मिलना, सस्ती मैन्यूफैक्चरिंग कॉस्ट आदि रही है। बनते–बिगड़ते दूसरे देशों का असर उन कंपनियों पर पड़ने लगा जिन्होंने चीन में बड़े स्तर पर निवेश किया था। इस समस्या के समाधान के तौर पर नई नीति बनाई गई और नाम रखा गया चाइना प्लस वन स्ट्रेटेजी। एप्पल, फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक जैसी कंपनियां अब भारत में अपने उत्पादन का विस्तार कर रही है। जिससे ये साफ हो गया है कि भारत मैन्यूफैक्चरिंग का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए ट्रंप ने अब कौन सा नया फैसला ले लिया ? एक्सपर्ट्स भी जताने लगे हैरानी

ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने अभी–अभी कैलिफोर्निया के महान राज्य में प्रवेश किया है और, आपातकालीन शक्तियों के तहत, प्रशांत नॉर्थवेस्ट और उससे आगे से प्रचुर मात्रा में बहने वाले पानी को चालू कर दिया है। लोगों पर नकली पर्यावरण संबंधी तर्क थोपने के दिन अब खघ्त्म हो गए हैं। पानी का आनंद लें। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना अग्निशमन प्रयासों को बढ़ाने के लिए कैलिफोर्निया में हस्तक्षेप किया है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने आपातकालीन शक्ति के तहत कैलिफोर्निया के महान राज्य में प्रवेश किया और राज्य की अग्निशमन क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए प्रशांत नॉर्थवेस्ट और उससे आगे से बहने वाले पानी को चालू कर दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने अभी–अभी कैलिफोर्निया के महान राज्य में प्रवेश किया है और, आपातकालीन शक्तियों के तहत, प्रशांत नॉर्थवेस्ट और उससे आगे से प्रचुर मात्रा में बहने वाले पानी को चालू कर दिया है। लोगों पर नकली पर्यावरण संबंधी तर्क थोपने के दिन अब खघ्त्म हो गए हैं। पानी का आनंद लें। ट्रंप ने शपथ लेने के साथ ही कहा था कि अमेरिका एक ऊर्जा आपातकाल का सामना कर रहा है, जिसमें संघीय अधिकारियों को लुप्तप्राय प्रजाति अधिनियम के तहत सुरक्षा की छूट की अनुमति का निर्देश दिया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, यह बांधों, जलाशयों और अन्य सुविधाओं के नेटवर्क पर लागू होता है जो कैलिफोर्निया की सेंट्रल वैली में कृषि भूमि की



सिंचाई करते हैं और लाखों लोगों को पानी उपलब्ध कराते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने सैक्रामेंटो–सैन जोकिन डेल्टा एस्टुअरी में रहने वाली लुप्तप्राय डेल्टा स्मेल्ट पर ध्यान केंद्रित किया है, और लॉस एंजिल्स में शुष्क अग्नि हाइड्रेंट और स्प्रिंकलर सिस्टम के लिए इसकी सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया है। ब्लूमबर्ग ने बताया कि कुछ अग्नि हाइड्रेंट सूख गए, अधिकारियों ने कहा कि यह पानी के दबाव में गिरावट के कारण हुआ है, क्षेत्रीय पानी की कमी के कारण नहीं। क्षेत्र में एक प्रमुख जलाशय को मरम्मत के लिए सूखा दिया गया था, और भंडारण टैंक कई आग से जूझने की मांग के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहे। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम के प्रवक्ता तारा गैलेगोस ने ट्रम्प के आदेश के आधार को झूठा बताया।

# विरोधियों पर कार्रवाई की शुरुआत हो गई, ट्रंप पर मुकदमा चलाने वाले अभियोजकों को दिखाया गया बाहर का रास्ता

विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम में काम करने वाले अभियोजकों को निशाना बनाकर अचानक की गई यह कार्रवाई न्याय मंत्रालय के अंदर उथल–पुथल का नया संकेत है और यह उन कर्मचारियों को हटाने की ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिन्हें वह राष्ट्रपति के प्रति वफादार नहीं मानता। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप रिटर्न्स के बाद से ही विरोधियों पर एक्शन की शुरुआत हो गई है। माना जा रहा है कि इसी बदले की कार्रवाई के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दर्जन भर से ज्यादा वकीलों को नौकरी से निकाल दिया गया है। जिन लोगों को नौकरी से निकाला गया, उनमें वो लोग शामिल हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमों की कार्यवाही से जुड़े थे। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक जांच में शामिल कम से कम 12 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम में काम करने वाले अभियोजकों को निशाना बनाकर अचानक की गई यह कार्रवाई न्याय मंत्रालय के अंदर उथल–पुथल का नया संकेत है और यह उन कर्मचारियों को हटाने की ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिन्हें वह राष्ट्रपति के प्रति वफादार नहीं मानता। हालांकि विभाग ने इसमें शामिल अभियोजकों के नाम बताने से इनकार कर दिया। लेकिन स्थिति से परिचित सूत्रों ने खुलासा किया कि कई बर्खास्तगी में उन वकीलों को निशाना बनाया गया जो सिविल सेवा कानूनों के तहत संरक्षित थे। स्मिथ की टीम के सदस्यों के साथ काम कर चुके एक व्यक्ति ने गोलीबारी को इन सुरक्षाओं का उल्लंघन बताया,



जिससे प्रशासन की कार्रवाइयों की वैधता पर सवाल उठे। ट्रम्प ने लंबे समय से स्मिथ और उनकी टीम को उनके कार्यों की जांच पर व्यक्तिगत शिकायतों का हवाला देते हुए हटाने की कसम खाई थी। जबकि स्मिथ और उनके कई शीर्ष अभियोजकों ने ट्रम्प के इनोग्रेशन से पहले इस्तीफा दे दिया था। यह कदम न्याय विभाग पर नियंत्रण कड़ा करने और व्हाइट हाउस के भीतर निर्णय लेने को केंद्रीकृत करने के ट्रम्प प्रशासन के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

पिछले हफ्ते, ट्रम्प की टीम ने कार्मिक परिवर्तनों की एक श्रृंखला शुरू की, जिसमें एसोसिएट डिप्टी अटॉर्नी जनरल और विभाग के सबसे वरिष्ठ कैरियर अधिकारियों में से एक, ब्रैडली वेन्सहाइमर को कम प्रभावशाली पद पर फिर से नियुक्त किया गया।

# भारत–अमेरिका के मजबूत संबंधों की वजह से ही इस मुकाम पर पहुंचा हूं

न्यूयॉर्क । सत्य नडेला ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। भारत के गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका में आयोजित एक समारोह के दौरान सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी सांसदों ने देश में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। सिएटल माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। भारत के गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका में आयोजित एक समारोह के दौरान सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी सांसदों ने देश में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को बेल हार्बर कॉन्फ्रेंस सेंटर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया। वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कार्यक्रम में वाशिंगटन प्रांत के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन और नडेला मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में भारतीय–अमेरिकी समुदाय के 500 से अधिक लोगों ने शिरकत की, जबकि शाम के समारोह में अमेरिका के कई सांसद शामिल हुए। नडेला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ये माना कि वह भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय–अमेरिकी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए, वाशिंगटन प्रांत के नवनिर्वाचित 24वें गवर्नर फर्ग्यूसन ने स्वीकार किया कि ''भारतीय समाज न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए अविश्वसनीय योगदान देता है।'' सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अमेरिकी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों, सांसदों और 10 शहरों के मेयर सहित कई प्रतिष्ठित लोगों ने भी हिस्सा लिया।

# ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर, ट्रांसजेंडर सैनिकों पर लग सकता है प्रतिबंध

वाशिंगटन ।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश से भविष्य में अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लग सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश से भविष्य में अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने उन सैनिकों को भी बहाल करने का आदेश दिया जिन्हें कोविड–19 टीके लेने से इनकार करने के कारण हटा दिया गया था। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में अमेरिका के लिए मिसाइल रक्षा कवच की तैनाती का प्रावधान किया गया है।रक्षा मंत्री के रूप में अपने पहले दिन ही पीट हेगसेथ को राष्ट्रपति के कई कार्यकारी आदेशों का अनुपालन करने की दिशा में काम करते हुए देखा गया। ट्रंप और हेगसेथ दोनों ने पूरे दिन प्रत्याशित आदेशों के कुछ हिस्सों का वर्णन किया, लेकिन इन कार्यकारी आदेशों की स्पष्टता सोमवार देर शाम तक सामने नहीं आई थी। ट्रांसजेंडर कार्यकारी आदेश––– ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध की व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी और ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश भविष्य में प्रतिबंध लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।ट्रंप ने अपने आदेश में दावा किया कि ट्रांसजेंडर सैनिकों द्वारा सेना में ड्यटी करना 'एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली' को लेकर प्रतिबद्धता के साथ टकराव की



स्थिति पैदा करता है। ट्रंप ने इसे सेना की तैयारियों के लिए हानिकारक बताते हुए इसे संशोधित करने को भी कहा है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी, लेकिन यह मामला कई वर्षों तक अदालतों में उलझा रहा। इसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा पदभार ग्रहण करने के कुछ समय बाद ही इसे पलट दिया गया था। ट्रंप के प्रथम कार्यकाल के दौरान न्यायालयों में इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाले ट्रांसजेंडर सैनिकों के वकीलों ने पहले ही इस नए प्रतिबंध के विरुद्ध लड़ने का संकल्प लिया है। इसके अलावा वर्ष 2021 में कम से कम 8,200 सैनिकों को कोविड–19 रोधी टीका लगवाने से मना करने पर वैध आदेश का पालन करने से इंकार करने के कारण सेना से बाहर कर दिया गया था। ट्रंप ने इन सैनिकों की सेवा को दोबारा बहाल करने का भी आदेश दिया है।

# बैठक का किया बहिष्कार तो नहीं होगी आगे कोई बातचीत, इमरान की पार्टी को शहबाज सरकार की दो टूक

देश में राजनीतिक तनाव और अस्थिरता को हल करने के लिए सरकार ने 23 दिसंबर को औपचारिक बातचीत की। पीटीआई भी 2023 में इमरान की गिरफ्तारी के मद्देनजर अपने आंदोलनों पर हिंसक कार्रवाई को लेकर लंबे समय से विरोध प्रदर्शन कर रही है। पाकिस्तानी सरकार ने दो टूक कह दिया है कि बैठक का बहिष्कार करने की सूरत में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के साथ बातचीत को रद्द कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सरकार पर अपने नेताओं और कैडरों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पीटीआई द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। अब ऐसे में देश में राजनीतिक तनाव और अस्थिरता को हल करने के लिए सरकार ने 23 दिसंबर को औपचारिक बातचीत की। पीटीआई भी 2023 में इमरान की गिरफ्तारी के मद्देनजर अपने आंदोलनों पर हिंसक कार्रवाई को लेकर लंबे समय से विरोध प्रदर्शन कर रही है। अपनी पिछली बैठकों में पीटीआई ने मांगों का एक चार्टर प्रस्तुत किया था जिसमें 9 मई, 2023 को हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच के लिए न्यायिक आयोगों का गठन और 26 नवंबर, 2024 को पीटीआई पर कार्रवाई शामिल थी। पीटीआई ने कहा है कि वह केवल इसमें शामिल होगी यदि ये आयोग गठित होते हैं तो मंगलवार को बैठक होगी। अपनी ओर से समिति के प्रवक्ता सिद्दीकी ने कहा कि बैठक में पीटीआई की मांगों के जवाब में जवाब प्रस्तुत किया जाएगा। सिद्दीकी ने जियो टीवी से कहा कि सात दिन की समय सीमा से पहले कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जा सकती। हम 28 जनवरी को अगले दौर की वार्ता में न्यायिक आयोग की पीटीआई की मांग का जवाब देंगे। सिद्दीकी ने आगे कहा कि



पीटीआई इस मुद्दे को बैठकों के बजाय सड़कों पर ले जा रही है।

2023 से जेल में हैं इमरान

पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि समिति ने पीटीआई की मांगों पर चर्चा की है और अंतिम रूप दिया है कि 9 मई की घटना के संबंध में आयोग का गठन नहीं किया जा सकता है। 9 मई, 2023 को पीटीआई के इमरान समर्थकों ने सेना मुख्यालय और वरिष्ठ कमांडरों के घरों सहित देश भर में सैन्य सुविधाओं पर हमला किया था। पीटीआई पाकिस्तानी सेना और उन राजनीतिक दलों के खिलाफ आंदोलन कर रही है, जिन्हें वह सेना के साथ जुड़ा हुआ मानती है। 2022 में विश्वास मत में इमरान के अपदस्थ होने के बाद, उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय विपक्षी दल उन्हें हटाने के लिए पाकिस्तानी सेना और अमेरिकी सरकार के साथ मिले हुए थे। 2023 से इमरान जेल में हैं और उनके खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को भी जेल में डाल दिया गया है। इमरान और पीटीआई का कहना है कि ये मामले राजनीति से प्रेरित हैं।

# 18000 भारतीयों...ट्रंप ने मोदी से फोन पर क्या कहा ऐसा, फरवरी में अमेरिका दौरे का झट से बन गया प्लान

दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ पहली बातचीत में अवैध अप्रवासियों को वापस लेने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने भारत में रह रहे लगभग 18 हजार अवैध भारतीयों और अप्रवासियों को वापस भेजने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा ट्रंप ने अमेरिकी इमीग्रेशन सिस्टम में सुधार के लिए नई कार्यकारी आदेश जारी किए। प्रधानमंत्री मोदी और नए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई बातचीत ने कई द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों को नई धार दी है। हालांकि इस बातचीत में अवैध अप्रवासियों का मुद्दा सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की और उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। दोनों नेताओं ने व्यापार, तकनीक, निवेश, रक्षा और ऊर्जा संबंधी साझेदारी के आयामों पर चर्चा की। साथ ही यूक्रेन और पश्चिम एशिया जैसे मुद्दों पर भी बात की। दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति और सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता दोहराई और आगे भी संपर्क में रहने की बात कही। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप और मोदी के बीच ये पहली बातचीत है। जिसमें कई अहम मुद्दों पर बात हुई। प्रवासियों को वापस भारत में लेने के मुद्दे पर गहनता से चर्चा हुई। मोदी के साथ अप्रवासन पर चर्चा में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मोदी इस मामले पर सही कदम उठाएंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि फरवरी में पीएम मोदी अमेरिका के दौरे पर जा सकते हैं। यानी राष्ट्रपति ट्रंप से पीएम मोदी की जल्द ही मुलाकात होने वाली है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ पहली बातचीत में अवैध अप्रवासियों को वापस लेने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने भारत में रह रहे लगभग 18 हजार अवैध भारतीयों और अप्रवासियों को वापस भेजने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा ट्रंप ने अमेरिकी इमीग्रेशन सिस्टम में सुधार के लिए नई कार्यकारी आदेश जारी किए। जिनका प्रभाव न केवल भारत पर बल्कि दुनियाभर के देशों पर पड़ेगा। भारत अमेरिका में वैद्य माइग्रेशन का सबसे बड़ा स्रोत है। हर साल हजारों भारतीय एच1बी वीजा के तहत अमेरिका जाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इनमें से कई लोग कनाडा और मैक्सिको की सीमाओं के माध्यम से अमेरिका पहुंचते हैं। ट्रंप प्रशासन ने इस मुद्दे को सख्ती से लिया है और भारत समेत अन्य देशों से अवैध अप्रवासियों को वापस लेने की प्रक्रिया तेज करने की उम्मीद जताई है। ट्रंप की इस नीति के पीछे अमेरिकी सीमाओं को सुरक्षित करने और रोजगार के अवसरों को अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिकता देने की मंशा है। इस साल के अंत में ट्रम्प क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने वाले हैं,।

# भारत–चीन के बीच हुई सबसे बड़ी डील, कैसे मान गया ड्रैगन

भारत और चीन फिर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से ये जानकारी साझा की गई है। दोनों देशों के बीच सिमा पर तनाव के चलते साल 2020 से ये यात्रा बंद थी। लेकिन इस साल गर्मियों में ये यात्रा फिर से शुरू हो सकती है। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच एक विशेष प्रतिनिधि बैठक में ये सहमति बनी। 26 जनवरी को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुँचे थे। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करना दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को दुनिया के सबसे पवित्र पर्वतों में से एक माना जाता है। यह पवित्र पर्वत, जो शक्तिशाली हिमालय के केंद्र में स्थित है, सदियों से जीवित है। यह



पवित्र शिखर तिब्बतियों, जैनियों और बौद्धों के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। तिब्बती मान्यता के अनुसार, कैलाश पर्वत को मेरु पर्वत भी कहा जाता है। कहा जाता है कि ये वह ब्रह्मांडीय धुरी है जो स्वर्ग और पृथ्वी को जोड़ती है। किंवदंती के अनुसार, यह पर्वत रहस्यमय संत डेमचॉक का भी घर है। 21,778 फीट की ऊंचाई पर स्थित, कैलाश पर्वत को हिंदू देवी पार्वती और त्रिमूर्ति परंपरा में विध्वंसक भगवान शिव का दिव्य घर मानते हैं। कई लोगों का मानना घ्है कि शिव कैलाश पर्वत की चोटी पर ध्यान करते हैं, और आगंतुक वहां उनकी उपस्थिति को समझने आए हैं। कैलाश का रहस्य पिरामिड के आकार का पवित्र पर्वत, श्कैलाश पर्वतश सिर्फ एक पर्वत नहीं है, यह भगवान शिव का पवित्र निवास है, जिस पर आम आदमी का चढ़ना नामुमकिन है। एक ऐसा पहाड़ जिसके ऊपर हवाई जहाज तो नहीं उड़ सकता लेकिन पक्षी उड़ सकते हैं! नासा के साथ कई रूसी वैज्ञानिकों ने कैलाश पर्वत पर अपनी रिपोर्ट पेश की है। उन सभी का मानना है कि कैलाश वाकई कई अलौकिक शक्तियों का केंद्र है। विज्ञान ये दावा तो नहीं करता है कि यहां शिव देखे गए हैं। किन्तु ये सभी मानते हैं कि यहां पर कई पवित्र शक्तियां जरूर काम कर रही हैं। हिंदू धर्म में भी इसे पारंपरिक रूप से शिव के निवास के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो अपनी पत्नी देवी पार्वती और अपने बच्चों, गणेश और कार्तिकेय के साथ वहां रहते थे। इस पर्वत की एक और रहस्यमय विशेषता यह है कि यह स्थान बदलने के लिए जाना जाता है! हतप्रभ पर्वतारोही जिन्होंने इसके शिखर तक पहुंचने की कोशिश की थी, वे अपने अभियान के दौरान समय लिखी गई।

# राजकोट में सीरीज पर कब्जा करना चाहेगा भारत, जानें कैसा रहेगा मौसम और पिच का मिजाज ?

28 जनवरी, मंगलवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले खेले गए सीरीज के दोनों मुकाबलों में टीम इंडिया जीत हासिल कर चुकी है। ऐसे में तीसरा टी20 जीतते ही टीम इंडिया सीरीज के दोनों मुकाबलों में टीम इंडिया जीत हासिल कर चुकी है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 28 जनवरी, मंगलवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले खेले गए सीरीज के दोनों मुकाबलों में टीम इंडिया जीत हासिल कर चुकी है। ऐसे में तीसरा टी20 जीतते ही टीम इंडिया सीरीज के दोनों मुकाबलों में टीम इंडिया जीत हासिल कर चुकी है। ऐसे में तीसरा टी20 जीतते ही टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा जमा लेगी। लेकिन बारिश या खराब मौसम इस मुकाबले में दखल देगा? सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में फैंस को बारिश के कारण किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है। ऐसे में राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 में भी बारिश का कोई खतरा नहीं दिख रहा है। एक्यूवेदर के मुताबिक, मुकाबले के दिन यानी 28 जनवरी को मौसम साफ रहने की उम्मीद है। बारिश की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं है। दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के करीब और




न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब रह सकता है। राजकोट का मुकाबला इंग्लैंड के लिए करो या मरो वाला होगा। टीम इंडिया शुरुआती 2 मुकाबले जीतकर सीरीज में 2–0 की बढ़त हासिल कर चुकी है। ऐसे में अगर टीम इंडिया तीसरे मैच में भी जीत हासिल कर लेते है, तो सीरीज मेन इन ब्लू के नाम हो जाएगी। वहीं इंग्लिश टीम खुद को सीरीज में बरकरार रखने के लिए तीसरा टी20 हर हाल में जीतना होगा। बताते चलें कि सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीत अपने नाम की थी, जबकि दूसरे मैच में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 2 विकेट जीत अपने खाते में डाली थी।

# क्रिकेट मैदान में करेंगे वापसी एबी, दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलते हुए दिखेंगे

चौंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में रिटायर्ड और नॉन कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ी खेलते हुए नजर आते हैं, जिसमें एबी डिविलियर्स भी शामिल हैं। ये टूर्नामेंट क्रिकेट के दिग्गजों को एक बार फिर मैदान पर उतरने का मौका देता है। डिविलियर्स ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा था कि, मैं अभी एक दिन फिर से क्रिकेट खेल सकता हूं हालांकि, कोई कंफर्म नहीं है। लेकिन मुझे लग रहा है कि मेरे बच्चे मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। एबी डिविलियर्स ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर सकते हैं। डिविलियर्स ने 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 2021 में पूरी तरह से क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। अब डिविलियर्स एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। ये चौंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले डिविलियर्स का बड़ा फैसला है। बता दें कि, चौंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में रिटायर्ड और नॉन कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ी खेलते हुए नजर आते हैं, जिसमें एबी डिविलियर्स भी शामिल हैं। ये टूर्नामेंट क्रिकेट के दिग्गजों को एक बार फिर मैदान पर उतरने का मौका देता है। डिविलियर्स ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा था कि, मैं अभी एक दिन फिर से क्रिकेट खेल सकता हूं हालांकि, कोई कंफर्म नहीं है। लेकिन मुझे लग रहा है कि मेरे बच्चे मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे लगता है कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं। मेरा बेटा मुझे बॉलिंग मशीन के जरिए खिला सकता है। अगर मुझे मजा आता है तो मैं शायद फिर से कहीं जाकर




कैजुअल क्रिकेट खेल सकता हूं। हालांकि, डिविलियर्स ने ये साफ कर दिया था कि वह आईपीएल या दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी भी तरह की वापसी नहीं करेंगे। फिलहाल, बता दें कि एबी डिविलियर्स ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 114 टेस्ट, 228 वनडे और 78 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। टेस्ट की 191 पारियों में उन्होंने 50.66 की औसत से 8765 रन बनाए, जिसमें 22 शतक और 46 अर्धशतक निकले। इसके अलावा वनडे की 218 पारियों में एबी ने 53.50 की औसत से 9577 रन स्कोर किए, जिसमें 25 शतक और 53 अर्धशतक शामिल रहे। बाकी टी20 इंटरनेशनल की 75 पारियों में डिविलियर्स ने 26.12 की औसत और 135.16 के स्ट्राइक रेट से 1672 रन स्कोर किए।

# रणजी मुकाबले से पहले विराट कोहली ने किया अभ्यास, अरुण जेटली स्टेडियम में दिखे

विराट कोहली का रणजी ट्रॉफी 2024–25 में दिल्ली के लिए ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला खेलना तय हो गया है। दिल्ली की टीम ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला रेलवे के खिलाफ 30 जनवरी से खेलेगी। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। मुकाबले से पहले कोहली अभ्यास के लिए अरुण जेटली स्टेडियम पहुंच गए हैं।टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का रणजी ट्रॉफी 2024–25 में दिल्ली के लिए ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला खेलना तय हो गया है। दिल्ली की टीम ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला रेलवे के खिलाफ 30 जनवरी से खेलेगी। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। मुकाबले से पहले कोहली अभ्यास के लिए अरुण जेटली स्टेडियम पहुंच गए हैं। स्टेडियम में पहुंचकर कोहली ने दिल्ली की टीम के साथ प्रैक्टिस शुरू कर दी है। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में कोहली टीम के साथ मैदान पर रनिंग कर रहे हैं तो उसके बाद वो नेट्स पर प्रैक्टिस भी करते हुए दिख रहे हैं। बता दें कि, बीसीसीआई की सख्त गाइडलाइंस के बाद टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर भारत को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 3–1 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। वहीं बीजीटी में विराट कोहली लगभग पूरी तरह से फ्लॉप दिखे थे। उन्होंने पहले टेस्ट को छोड़कर किसी टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण का पहला मुकाबला सौराष्ट्र के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले में कोहली गर्दन के दर्द के कारण नहीं खेल पाए थे। अब रेलवे के खिलाफ उनका खेलना तय माना जा रहा है।



# अर्शदीप सिंह रच सकते हैं इतिहास, बस करना होगा ये आसान सा काम

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इतिहास रच सकते हैं। दरअसल, अर्शदीप के लिए अभी तक ये सीरीज बेहद अहम रही है। वह इसी सीरीज में टी20 फॉर्मेट के भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज बने। अब इस गेंदबाज की नजर पाकिस्तान के हारिस रऊफ के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर है जिससे वह महज दो विकेट दूर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच आज, यानी 28 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। वहीं इस मुकाबले में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इतिहास रच सकते हैं। दरअसल, अर्शदीप के लिए अभी तक ये सीरीज बेहद अहम रही है। वह इसी सीरीज में



टी20 फॉर्मेट के भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज बने। अब इस गेंदबाज की नजर पाकिस्तान के हारिस रऊफ के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर है जिससे वह महज दो विकेट दूर हैं। अर्शदीप सिंह ने अब तक इस सीरीज के दो मैचों में तीन विकेट अपने नाम किए हैं। राजकोट में अगर वह दो विकेट और झटक लेते हैं तो वह इस फॉर्मेट में विकेट्स का शतक पूरा कर लेंगे। साथ ही वह पाकिस्तानी ऑलराउंडर हारिस रऊफ का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर देंगे। हारिस रऊफ ने पाकिस्तान के लिए 79 टी20 मैचों में 110 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने अपने करियर का 100वां टी20 विकेट 71वें मैच में झटका। वहीं अर्शदीप सिंह 62 मैचों में ही 98वें विकेट ले चुके हैं। राजकोट में दो विकेट लेकर वह टी20 में सबसे कम पारियों में 100 विकेट लेने का कारनामा कर डालेंगे। अर्शदीप पहले टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे। उन्होंने इस दौरान स्पिनर युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड तोड़ा था। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भारत के लिए अब तक 80 टी20 मैचोंमें96 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्हें हाल ही में आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतर्राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया।

# चैंपियंस ट्राफी के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान, जानें कब और कितनी कीमत में मिलेंगे टिकट

19 फरवरी से आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इसके लिए आईसीसी ने इस टूर्नामेंट के लिए टिकटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी है। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और सयुंकत अरब अमीरात में आयोजित किए जाएंगे।अगले महीने 19 फरवरी से आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इसके लिए आईसीसी ने इस टूर्नामेंट के लिए टिकटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी है। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और सयुंकत अरब अमीरात में आयोजित किए जाएंगे। ग्रुप–स्टेज मुकाबलों और पाकिस्तान में दूसरे सेमीफाइनल के लिए टिकट मंगलवार 28 जनवरी की दोपहर 1.30 बजे भारतीय समयानुसार से सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। फैंस आधिकारिक प्लेटफॉर्म



के जरिए टिकट खरीद सकते हैं। जबकि फिजिकल टिकट 3 फरवरी से पाकिस्तान भर से जै एक्सप्रेस केंद्रों पर उपलब्ध होंगे। पाकिस्तान में सामान्य स्टैंड के लिए टिकट की कीमत 1 हजार पाकिस्तानी रुपये यानी करीब 310 भारतीय रुपये सशुरु है। इसमें प्रीमियम सीटिंग विकल्प 1,500 पाकिस्तान रुपये यानी करीब 464 भारतीय रुपये से उपलब्ध हैं। मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में आयोजित किए जाएंगे। आगामी 20 और 23 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में होने वाले भारत के ग्रुप–स्टेज मुकाबलों के विवरण की घोषणा जल्द की जाएगी। वहीं 9 मार्च को होने वाले फाइनल के लिए टिकट पहले सेमीफाइनल के बाद उपलब्ध होंगे। बता दें कि 15 मैच के इ टूर्नामेंट में टॉप 8 क्रिकेट देश 19 दिनों तक प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# चैंपियंस ट्राफी के लिए टिकटों की बिक्री से इतना कमाएगा पाक बोर्ड

19 फरवरी से आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इसके लिए आईसीसी ने इस टूर्नामेंट के लिए टिकटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी है। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और सयुंकत अरब अमीरात में आयोजित किए जाएंगे। अगले महीने 19 फरवरी से आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इसके लिए आईसीसी ने इस टूर्नामेंट के लिए टिकटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी है। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और सयुंकत अरब अमीरात में आयोजित किए जाएंगे। ग्रुप–स्टेज मुकाबलों और पाकिस्तान में दूसरे सेमीफाइनल के लिए टिकट मंगलवार 28 जनवरी की दोपहर 1.30 बजे भारतीय समयानुसार से सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। फैंस आधिकारिक प्लेटफॉर्म के जरिए टिकट खरीद सकते हैं। जबकि फिजिकल टिकट 3 फरवरी से पाकिस्तान भर से जै एक्सप्रेस केंद्रों पर उपलब्ध होंगे। पाकिस्तान में सामान्य स्टैंड के लिए टिकट की कीमत 1 हजार पाकिस्तानी रुपये यानी करीब 310 भारतीय रुपये से शुरु है।




इसमें प्रीमियम सीटिंग विकल्प 1,500 पाकिस्तान रुपये यानी करीब 464 भारतीय रुपये से उपलब्ध हैं। मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में आयोजित किए जाएंगे।

आगामी 20 और 23 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में होने वाले भारत के ग्रुप–स्टेज मुकाबलों के विवरण की घोषणा जल्द की जाएगी। वहीं 9 मार्च को होने वाले फाइनल के लिए टिकट पहले सेमीफाइनल के बाद उपलब्ध होंगे। बता दें कि 15 मैच के इ टूर्नामेंट में टॉप 8 क्रिकेट देश 19 दिनों तक प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए जरूर इस्तेमाल करें यह चार तेल, मिलेंगे और भी फायदे

सर्दियों में अपने त्वचा और बालों को हेल्दी बनाए रखना मुश्किल होता है. ठंड के मौसम में बाल रूखे और फटने लगते हैं, जिससे बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं. सर्दियों में बालों के झड़ने और डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में सर्दियों में बालों को झड़ने से बचाने के लिए गर्म तेल से मालिश करना चाहिए. इससे बालों को पोषण मिलता है और वे रूखे और बेजान होने से बचते हैं. बता दें, गर्म तेल से सिर की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बाल लंबे होते हैं. इसके अलावा सिर की तेल से मालिश करने से तनाव कम होता है और नींद अच्छी आती है...खबर के माध्यम से जानें कैसे इन चार प्राकार के तेल की मालिश से आपके बालों को पहुंचेगा फायदा, बालों के लिए कुछ अच्छे तेल ये रहे...नारियल का तेलनारियल का तेल बालों के लिए अच्छा होता है. आप इस तेल से बालों के रोम की मालिश कर सकते हैं. इसके एंटी–फंगल और एंटी–बैक्टीरियल गुण



संक्रमण को रोकने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसलिए नारियल के तेल को हल्का गर्म करके बालों में लगाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं. इस तेल को अपने बालों में लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें.जैतून का तेलबालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए जैतून का तेल अच्छा होता है. यह तेल सिर की त्वचा की नमी बनाए रखता है और रूखेपन से राहत दिलाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और यह बालों को पोषण देता है. इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है. लगभग आधे घंटे तक अपने बालों में तेल लगाएं और फिर धो लें.बादाम का तेलबादाम के तेल में विटामिन ई, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं. ये तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं. यह डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है. कम समय में बाल लंबे करने के लिए उबलते बादाम के तेल से मालिश करें. तो आप अपने बालों को मजबूत और खूबसूरत बनाए रखने के लिए बादाम का तेल लगा सकते हैं. लगभग 20 मिनट के लिए अपने स्कैल्प पर तेल लगाएं और अपने बाल धो लें. अरंडी का तेलअरंडी का तेल रिसिनोलिक एसिड से भरपूर होता है और बालों को लंबा, मजबूत बनाने में मदद करता है. यह तेल स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को झड़ने से रोकता है. ऐसे में बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए अरंडी के तेल को उबालकर उससे मालिश करें इस तेल को अपने स्कैल्प पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें. इससे आपके बाल मजबूत, लंबे और अधिक सुंदर बनेंगे. इस तेल का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3–4 दिन कर सकते हैं.

# पीरियड्स के दौरान पैड के अलावा इन प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल, कपड़ों पर नहीं लगेंगे दाग और पैसे भी बचेंगे

महिलाओं को हर महीने पीरियड्स आता है. यह एक सामान्य प्रक्रिया है. यह गर्भाशय और अंडाशय वाले लोगों के लिए स्वस्थ मासिक चक्र का हिस्सा है. पीरियड्स तब शुरू होते हैं जब लड़कियां प्यूबर्टी में होती हैं. लेकिन पीरियड्स के पहले 3 दिनों में महिलाओं को काफी परेशानी और दर्द का अनुभव होता है. पीरियड्स के बारे में सोचकर घबराना आम बात है. क्योंकि मासिक धर्म में न केवल तेज दर्द होता है बल्कि कभी–कभी कपड़ों पर दाग भी पड़ जाते हैं, ऐसे में परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है.एक समय था जब ज्यादातर भारतीय महिलाएं मासिक धर्म के दौरान सिर्फ कपड़े का ही उपयोग करती थीं, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं माना जाता हैं. वहीं, आजकल महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं. वैसे तो ज्यादातर भारतीय महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन बाजार में मासिक धर्म से जुड़े कई विकल्प उपलब्ध हैं. बता दें, पैड से ब्लड लीक का खतरा बहुत ज्यादा रहता है. मासिक धर्म के शुरुआती दिनों में ब्लड फ्लो बढ़ने के कारण पैड को बार–बार बदलना भी पड़ता है. इससे कपड़ों पर दाग लगने का खतरा बढ़ जाता है. तो इस समस्या से बचने के लिए आज हम आपको कुछ अन्य पैड विकल्पों के बारे में बताने जा रहे हैं. जिनका इस्तेमाल कर आप पीरियड्स के दौरान आरामदायक और सेफ महसूस कर सकती हैं. मेन्स्ट्रुअल कपमेंस्ट्रुअल कप रबर या सिलिकॉन से बना हुआ एक छोटा, लचीला कीप के आकार का कप होता है, जिसे महिलाएं अपनी योनि में डालती है. ताकि इसमें पीरियड्स या महावारी का सारा रकस्राव जमा हो जाए. टैम्पोन या पैड जैसे दूसरे अन्य तरीकों की तुलना में मेंस्ट्रुअल कप अधिक ब्लड को जमा करने की क्षमता रखता है. पीरियड पैंटीपीरियड पैंटी आम महिलाओं के अंडरवियर की तरह ही होती हैं, सिर्फ ये पैंटी ही तरल पदार्थ को आसानी से सोख लेती हैं दाग या रिसाव की कोई समस्या नहीं है ब्लड



फ्लो और आराम के हिसाब से पीरियड पैंटी का चुनाव किया जा सकता है मार्केट में पीरियड पैंटी अलग–अलग साइज में उपलब्ध हैं पीरियड पैंटी पैड और मेंस्ट्रुअल कप से भी ज्यादा महंगी साबित हो सकती है. सेनेटरी नैपकिनसेनेटरी नैपकिन या स्वच्छता पैड एक चपटी गद्दी होती है जिसे लड़कियों और महिला द्वारा मासिक धर्म के दौरान होने वाले रक्तस्राव के अवशोषण (सोखने) के लिए पहना जाता है.टैम्पोन मासिक धर्म के दौरान पैड की जगह टैम्पोन का इस्तेमाल किया जा सकता है टैम्पोन कपास से बने होते हैं, इसलिए इनका उपयोग सुरक्षित माना जाता है अतिप्रवाह के दौरान टैम्पोन का उपयोग न करें, क्योंकि वे सभी खून को अवशोषित नहीं कर सकते हैं लीकेज से कैसे बचें पीरियड लीकेज से बचने के लिए मेंस्ट्रुअल कप और पीरियड पैंटी का इस्तेमाल किया जा सकता है. यदि आप पैड का उपयोग कर रहे हैं, तो हाई ब्लड फ्लो के दौरान उन्हें हर 3 से 4 घंटे में बदलें, ऐसा इसलिए क्योंकि एक ही पैड को अधिक समय तक इस्तेमाल करने से बाद में समस्या हो सकती है.

# सनी देओल की साउथ डेब्यू जाट की रिलीज डेट आउट, बाहुबली और केजीएफ स्टार से भिड़ेगा तारा सिंह

सनी देओल की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया और तब से ही फैंस इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं. अब फाइनली फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है. आपको बता दें कि सनी देओल की थिएटर में यश और प्रभास जैसे बड़े साउथ इंडियन हीरोज से टक्कर होने वाली है. इसके अलावा उस समय और भी फिल्में इसके आस-पास रिलीज होंगी. सनी देओल की जाट को पुष्पा 2 के मेकर्स मैथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, जाट की दुनियाभर में ग्रैंड रिलीज 10 अप्रेल को होगी. ये फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होने जा रही हैं. इसे गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है वहीं मैथ्री मूवी मेकर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है. सनी देओल की जाट 10 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है. इसी दिन दो पैन इंडिया स्टार भी थिएटर में दस्तक देने वाले हैं. पहले केजीएफ स्टार यश जिनकी टॉक्सिक भी इसी दिन रिलीज होगी वहीं प्रभास की द राजा साब के लिए भी 10 अप्रेल की डेट चुनी गई है. इसका मतलब है कि सनी देओल की फिल्म को बड़ी टक्कर मिलने वाली है. यह भी कहा जा सकता है कि तीनों फिल्मों को बड़े क्लैश का सामना करना पड़ेगा. सनी देओल की जाट, यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साब थिएटर्स में 10 अप्रेल को आएंगी. इनके अलावा 14 अप्रेल को मोगली, नंदमुरी मोक्षगना, प्रभास हनु, स्पिरिट, एसएसएमबी 29 जैसी फिल्में 14 अप्रेल के लिए शेड्यूल की गई हैं. वहीं विष्णु मांचू की कन्नप्पा 25 अप्रेल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. देखा जाए तो अप्रेल के महीने में थिएटर्स काफी बिजी रहने वाले हैं. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बड़ी फिल्मों में कौन ज्यादा लाइमलाइट लूटकर ले जाता है और बॉक्स ऑफिस पर किसे फायदा या नुकसान पहुंचेगा.

जाट की बात करें तो सनी देओल इसमें लीड रोल प्ले कर रहे हैं उनके साथ इस फिल्म में रणदीप हुड्डा हैं जो विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं. इनके साथ विनीत कुमार सिंह, सैय्यामी खैर, बबलू पृथ्वीराज, स्वरुप घोष जैसे कलाकार खास रोल में हैं.

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की नई फिल्म वन फोर्स आफ द फारेस्ट की अनाउंसमेंट, मैथोलाजिकल थ्रिलर छठ पर होगी रिलीज

बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट, वीवीएएन के लिए पहली बार हाथ मिलाया है. कहना होगा की ये पार्टनरशिप सिनेमेटिक लैंडस्केप को बदलने वाली है. बालाजी टेलीफिल्म्स की एकता आर. कपूर और टीवीएफ के अरुणाभ कुमार कंटेंट इंडस्ट्री के लीडर हैं. दोनों अपनी शानदार क्रिएशन्स के साथ अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी अनोखी कहानियों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. दोनों प्रोडक्शन हाउस ने यह घोषणा की है, जिससे इस एक अनोखे सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के लिए उत्साह पैदा हो गया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ ने अपना पहला प्रोजेक्ट वीवीएएन लॉन्च किया है. ये सीरीज दीपक मिश्रा डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने पहले मशहूर शो पंचायत को डायरेक्ट किया था. दीपक मिश्रा, जो टीवीएफ के लंबे समय के साथी हैं, एक बार फिर अरुणाभ कुमार के साथ पंचायत के बाद मिलके एक अनोखी कहानी बनाने जा रहे हैं, जो एक थ्रिलिंग बड़े परदे का एडवेंचर भी होगा, और इस प्रोजेक्ट को गाइड करेंगी एकता आर. कपूर. वे साथ मिलकर मैथोलॉजिकल थ्रिलर के जॉनर को पेश करने जा रहे हैं, जो दर्शकों के लिए कभी नहीं देखा गया और नया

एक्सपीरियंस होने वाला है. एंटरटेनमेंट की दुनिया के इन बड़े नामों का मकसद दर्शकों को एक अनोखा और नया एक्सपीरियंस देना है, जो पहले कभी नहीं हुआ. ऐसे में मेकर्स द्वारा इस प्रोजेक्ट की रिलीज छठ पूजा 2025 के समय तय की गई है.बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा है, हमेशा बोल्ड, रोमांचक और रोमांचकारी कंटेंट बनाने के लिए जाना जाता है, जो लोगों को अपने से कनेक्टेड रखता है. दूसरी ओर, टीवीएफ ने ऐसी कहानियां बताकर दिल जीत लिया है,

जिनसे लोग आसानी से जुड़ सकते हैं. दोनों के एक साथ आने से, वीवीएएन एक अनोखा सिनेमेटिक एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जो पूरी तरह से कुछ नया पेश करेगा.

# मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान, आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है। अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है। पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। देवी श्री प्रसाद ने आगे कहा कि उन्होंने पुष्पा 2 के चार्टबस्टर किसिक गाने के लिए श्रीलीला का नाम सुझाया था, क्योंकि वो एक बेहतरीन डांसर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनके द्वारा बनाए गए स्पेशल सॉन्ग में सामंथा, काजल अग्रवाल और पूजा हेगड़े ने भी अपना जादू दिखाया था.

# स्काई फोर्स ने 15 करोड़ से भी ज्यादा से खोला खाता, बाक्स आफिस पर छाई अक्षय-वीर की जोड़ी

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर सच्ची घटना पर आधारित वॉर एक्शन फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने ओपनिंग डे से कमाल कर दिया है. स्काई फोर्स बीती 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी और पहले ही दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई कर डाली है. स्काई फोर्स को लेकर कहा जा रहा था कि फिल्म 5 से 7 करोड़ रुपये की कमाई करेगी, लेकिन फिल्म ने पहले दिन बता दिया कि वह रुकने वाली नहीं हैं. बता दें, फिल्म स्काई फोर्स 1965 में भारत-पाक के बीच हुए युद्ध के दौरान सरगोधा एयरबेस पर भारत की जवाबी कार्रवाई पर बेस्ड है. स्काई फोर्स को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केल्वानी ने मिलकर बनाया है.फिल्म मेकर्स मडोक के अनुसार, स्काई फोर्स ने पहले दिन सभी भाषाओं में भारत में नेट कलेक्शनन 15.30 करोड़ रुपये कमाए हैं. बता दें, ओपनिंग डे पर हिंदी पट्टी में फिल्म का 24 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है. वहीं, मॉर्निंग शो में 10.26 फीसदी, दोपहर में 14.12 फीसदी, इवनिंग शो में 22.76 फीसदी और नाइट शो में सबसे ज्यादा 36.58 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है. स्काई फोर्स अक्षय कुमार की तीसरी सबसे बिगेस्ट ओपनिंग कलेक्शन फिल्म बन गई है. अक्षय कुमार की बिगेस्ट ओपनिंग फिल्म सूर्यवंशी हैं, जिसने पहले दिन 26.29 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं, बीते साल अक्षय कुमार ने एक नहीं बल्कि तीन फ्लॉप फिल्में दी थीं, जिसमें खेल खेल में- 5.23 करोड़ रुपये, मिशन रानीगंज- 2.8 करोड़ रुपये, सरफिरा- 2.5 करोड़ रुपये शामिल हैं.

# फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट



विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है।पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ-साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव-भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दर्शाता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली फिल्म भी है।लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं। वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाली लैला एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। विश्वक सेन के उल्लेखनीय परिवर्तन के कारण, दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने रवैये, साजिश और रोमांस के मिश्रण के साथ, लैला दुनिया भर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। लैला में विश्वक सेन के गतिशील प्रदर्शन को देखने के लिए 14 फरवरी को अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ।

# नोरा फतेही ने शार्ट ड्रेस में पैपराजी के सामने फ्लान्ट किया परफेक्ट फिगर, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस




अपने डांसिंग स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस को कही पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।नोरा फतेही आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।एक्ट्रेस नोरा फतेही का हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल काटती हैं।अब हाल ही में नोरा फतेही को पैपराजी ने कहीं पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही छा गया।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।नोरा फतेही की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हाथ में छोटा सा बैग व्हाइट हील्स, लाइट मेकअप और खुले बाल कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि जब भी कोई इवेंट या पार्टी होती है तो पैपराजी अक्सर सेलेब्स को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। उनका हर एक लुक अपने कैमरे में कैप्चर कर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे फैंस को भी एक झलक देखने को मिल पाती है।

## बनारसी साड़ी पहन मृणाल ठाकुर ने दिखाईं दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है

## देवा में डबल रोल ?,शाहिद कपूर बाक्स आफिस पर मचाएंगे बवाल, अलग-अलग अवतार में दिखेंगे एक्टर

जी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर श्देवाश् के ट्रेलर ने धमाकेदार एक्शन और शाहिद कपूर के दमदार परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है. ट्रेलर में शाहिद एक दृढ़ और निडर पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं, लेकिन एक सीन, जिसमें शीशे में दो अलग-अलग परछाइयां दिखाई देती हैं, ने अटकलों को जन्म दे दिया है, क्या शाहिद इस फिल्म में डबल रोल निभा रहे हैं? सूत्र ने खुलासा किया, शाहिद का किरदार श्देवाश् में उनके अब तक के सभी रोल्स से बिल्कुल अलग है. ट्रेलर में कुछ हल्के संकेत दिए गए हैं, लेकिन फिल्म में उनके अलग-अलग अवतार दर्शकों को पूरी तरह से हैरान कर देंगे. यह डबल रोल है या कुछ और, इसका जवाब दर्शकों को फिल्म देखने के बाद ही मिलेगा. क्या यह उनकी आइकॉनिक फिल्म श्कमीनेश् की झलक है, या कुछ और अलग? मलयालम के मशहूर निर्देशक रॉशन एंड्रूज द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो व रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित श्देवाश् एक दमदार और रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जो 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली है. ट्रेलर के इंटेंस एक्शन के साथ-साथ फिल्म का गाना श्भसड़ मचाश् पहले ही धमाल मचा रहा है. इस फिल्मी सफर के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है, जो दर्शकों को आखिरी पल तक बांधे रखेगा. बता दें, शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उल्झा जिया में देखा गया था. यह एक साइंस रॉम-कॉम फिल्म थी, जिसमें कृति सेनन लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई थीं. अब देखना होगा कि शाहिद कपूर साल 2025 की अपनी ओपनिंग फिल्म से कितना कमाल करते हैं.

## टाइगर श्राफ की नवीनतम पोस्ट है एकदम खास

बॉलीवुड के पहले और सबसे युवा 200 करोड़ क्लब संसेशन, टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम थ्रोबैक पोस्ट से इंटरनेट पर तहलका मचा रहे हैं। अपनी सुगठित बॉडी और आग लगा देने वाली इंटेंसिटी का प्रदर्शन करते हुए, इस एक्शन सुपरस्टार ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है और कमेंट सेक्शन में हलचल मचा दी है। 2025 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक, उनकी आगामी फिल्म बागी 4 के लिए उत्साह बढ़ने के साथ, टाइगर का बेजोड़ करिश्मा और समर्पण, एक ग्लोबल एक्शन आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। सुपरस्टार स्क्रीन और सोशल मीडिया दोनों पर आग लगा रहे है।

## औरंगजेब बन दहशत फैलाने आए बाबी देओल, हरि हर वीरा मल्लू से अभिनेता का दमदार लुक जारी

पवन कल्याण अभिनीत हरि हर वीरा मल्लू के निर्माताओं ने बॉबी देओल के 56वें जन्मदिन के खास मौके पर उनका एक स्पेशल बर्थडे पोस्टर जारी किया। इस फिल्म में बॉबी देओल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। आखिरकार अभिनेता के इस खास दिन पर उनकी पहली झलक जारी कर दी गई है, जिसमें बॉबी दमदार लुक में नजर आ रही हैं। हरि हर वीरा मल्लू से जारी किए गए पोस्टर में बॉबी देओल एक सम्राट के रूप में एक गहन और शाही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा में उनकी भूमिका की एक झलक मिल रही है। एक्स पर पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, अतुलनीय, मैग्नेटिक स्क्रीन उपस्थिति वाले व्यक्ति बॉबी देओल को टीम हरि हर वीरा मल्लू की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। पोस्टर में बॉबी देओल को काले रंग की आकर्षक पोशाक में तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है, जो उनके किरदार की भयावहता को बखूबी दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह फिल्म में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल ने हाल ही में डाकू महाराज के जरिए अपना तेलुगु डेब्यू किया, जहां उन्होंने नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला और प्रज्ञा जायसवाल के साथ अभिनय किया। बॉबी कोली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देओल ने दमदार भूमिका निभाई। अब, हरि हर वीरा मल्लू में औरंगजेब की भूमिका के साथ वह पवन कल्याण के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं।

## नानी की हिट 3 का नया पोस्टर हुआ रिलीज, तिरंगे को सलामी देते दिखे अभिनेता

नेचुरल स्टार नानी अभिनीत और डॉ. सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर हिटरू द थर्ड केस ने गणतंत्र दिवस विशेष पोस्टर जारी किया है। नानी के यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ साझेदारी में वॉल पोस्टर सिनेमा के बैनर तले प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित, फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है। पोस्टर में नानी हाथ में बंदूक लिए खड़े हैं और भारतीय ध्वज को सलामी दे रहे हैं और उनके दोनों ओर सेना के जवान हैं, जो फिल्म में मनोरंजक एक्शन और देशभक्ति के विषयों का संकेत देते हैं। पोस्टर गणतंत्र दिवस की भावना के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करता है और प्रशंसक नानी को इस तीव्र अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म में नानी के साथ मुख्य भूमिका में श्रीनिधि शेट्टी भी हैं प्रोडक्शन डिजाइन श्री नागेंद्र तंगला द्वारा संभाला गया है, जबकि साउंड मिक्स सुरेन जी द्वारा किया गया है। हिटरू द थर्ड केस 1 मई को रिलीज के लिए तैयार हो रही है, और प्रशंसक नानी को एक्शन में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मनोरंजक कहानी, तीव्र एक्शन दृश्यों और देशभक्ति विषयों के साथ, हिटरू द थर्ड केस के एक बड़ी हिट होने की उम्मीद है।

जैसे-जैसे हिटरू द थर्ड केस की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, प्रशंसक फिल्म में और अपडेट और झलकियाँ देखने की उम्मीद कर सकते हैं। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, हिटरू द थर्ड केस एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

# विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 का टाइटल और फर्स्ट लुक रिवील, जनता के जन नायक बने तमिल सुपरस्टार

फिल्मों से पॉलिटिक्स में जाने वाले तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की आखिरी फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. जब से फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ तब से दर्शक इसके टाइटल, फिल्म से विजय के फर्स्ट लुक और हर एक अपडेट का इंतजार कर रहे हैं. विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 है जिसके टाइटल के लिए मेकर्स ने 26 जनवरी का दिन चुना था और वादे के मुताबिक रिपब्लिक डे पर मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और विजय का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है. केवीएन प्रोडक्शन ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजय की आखिरी फिल्म का पोस्टर रिलीज किया और इसके साथ ही इसका टाइटल भी अनाउंस कर दिया है. इसका टाइटल है- जन नायगन. पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने लिखा, हम उन्हें जन नायगन बुला सकते हैं, थलापति 69 का फर्स्ट लुक. बता दें एक दिन पहले ही मेकर्स ने विजय की सभी फिल्मों का एक शानदार वीडियो बनाते हुए अनाउंस किया था कि 26 जनवरी को विजय की अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया जाएगा.

जन नायगन साउथ स्टार विजय की आखिरी फिल्म है. टाइटल और फर्स्ट लुक से साफ पता चला रहा है कि यह फिल्म पॉलिटिक्स से जुड़ी होगा क्योंकि पहले रिलीज किए गए पोस्टर पर लिखा है- द टॉर्च बियरर ऑफ डेमोक्रेसी. बता दें इस फिल्म के बाद विजय फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कहकर अपने पॉलिटिकल करियर पर ध्यान देंगे. उनकी पॉलिटिकल पार्टी का नाम है- तमिलगा वैत्री कझगम. विजय ने अपनी पहली राजनीतिक रैली में फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने की खबरों पर कहा है, मैं अपना हिट करियर और मोटी कमाई वाली सैलरी को छोड़ आपके पास आया हूं, जनता की सेवा करने आया हूं.

थलापति विजय की यह फिल्म अक्टूबर 2025 में रिलीज होगी. रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने अब तक की सबसे ज्यादा 275 करोड़ रुपये फीस ली है. वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय की पिछली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम थी जो कि बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही. इसे वेंकट प्रभु ने निर्देशित किया था.

# उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक संपन्न

मऊ। मुख्य राजस्व अधिकारी मदन कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी परीक्षा कराने की तैयारी एवं परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 09 सेंटरों पर दो पालियों में 17 फरवरी से 22 फरवरी तक परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा में कुल 3790 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिसमें 2644 सेकेंडरी अर्थात हाई स्कूल के छात्र एवं द्वितीय पाली में 1146 परीक्षार्थी सेकेंडरी अर्थात इंटर के छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक और अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसे एवं अशासकीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज में परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। इस प्रकार नगर क्षेत्र में पाच केंद्र, घोसी एवं मोहम्मदाबाद गोहाना दो–दो परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान संबंधित अधिकारी देंगे। बैठक के दौरान नगर क्षेत्राधिकार अंजनी कुमार पाण्डेय, राजकीय पॉलिटेक्निक एवं राजकीय आईटीआई तथा मदरसे के प्रधानाचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लम्बित डाटा वाले संस्थाओं के विरूद्ध अनुशासनात्मक होगी कार्यवाही

मऊ। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्षध्शैक्षिक सत्र 2024–25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु निर्गत समय सारिणी के अनुसार छात्रध्छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जा रहे हैं जो संस्थाओं की लॉगिन पर अग्रसारण हेतु अत्यधिक संख्या में लम्बित है। पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति नियमावली के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित तिथि तक शिक्षण संस्थान के लॉगिन पर उपलब्ध सम्पूर्ण डाटा पर निर्णय लेकर अग्रसारित या रिजेक्ट कर दिया जायेगा। किसी भी दशा में डाटा लम्बित नहीं रखा जायेगा।

## श्री देव गायत्री शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मऊ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन श्री देव गायत्री शिक्षण एवं जन कल्याण समिति तिनहरी परसुपुर मऊ द्वारा संचालित माँ गायत्री पुनर्वास केंद्र और माँ गायत्री दिव्यांग समेकित विद्यालय के द्वारा गावों मे रैली निकाला गया और मतदान से संबन्धित विभिन्न तरह के नारे जैसे भारत राष्ट्र पर करके अभिमान, आओ मिलकर करें मतदान। भारत भाग्य विधाता है,

# बाल सेवा योजना के अन्तर्गत पात्र लोगों को लैपटॉप सहित- अन्य सुविधाओं का दिया जा रहा लाभ- अभय कुमार सिंह

रुपईडीह (गोण्डा) विकासखंड रुपईडीह के विकासखंड अधिकारी अभय कुमार सिंह ने आयोजित कृषि मेले बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड–19 से भिन्न अन्य कारणो से अपने माता–पिता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष में ऐसे किशोर जिन्होंने कोविड या अन्य कारणो से अपने माता–पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा 12 तक पूर्ण शिक्षा करने के उपरांत राजकीय महाविद्यालय विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने हेतु शिक्षा प्राप्त कर रहे हो या नीट जे ई ई क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या प्रत्यायिकता है अथवा जिनके माता–पिता या परिवार का मुख्य करता जेल में है अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम बाल भिक्षा वृत्त बाल वेश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार पारिवारिक वातावरण में समायोजन कराया गया हो अथवा भिक्षा वृत्त वेश्यावृत्ति से संलिपित परिवार के बच्चों को ध्2500प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के अन्तर्गत आने वाले कक्षा–9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को लैपटॉप की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है एवं प्रदेश सरकार उपरोक्त प्रकार की बालिकाओं को विवाह योग्य होने पर विवाह हेतु ध्1,01,000 – (एक लाख एक हजार) की राशि उपलब्ध करायेगी।

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों की 1.09 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

गोण्डा जिले में संगठित गिरोह बनाकर मारपीट व गैर इरादतन हत्या करने के अपराध में संलिप्त दो आरोपियों की 1.09 करोड़ रुपये की संपत्ति पुलिस व प्रशासन ने मंगलवार को कुर्क कर लिया। एसडीएम सदर की मौजूदगी में सीओ सदर व धानेपुर पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई पूरी की। एसपी विनीत जायसवाल के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के दरियापुर हरदोपट्टी निवासी बलराम तिवारी उर्फ शिवकुमार तिवारी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी है और गैंग बनाकर मारपीट व अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस के अनुसार बलराम गैंगलीडर है। उसके विरूद्ध मारपीट व गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज है। बलराम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में पुलिस व प्रशासन की टीम ने आरोपी बलराम के घर पहुंचकर उसकी संपत्ति कुर्क कर ली। कुर्क की गयी संपत्ति में तीन मकान, जमीन व चार बाइ ऋऋ क शामिल है। इसी तरह गैंग के सदस्य अनिल कुमार दूबे निवासी ग्राम बिचऊपुरवा दरियापुर हरदोपट्टी थाना इटियाथोक की एक बाइक को जब्त कर लिया गया। जब्त किये गये मकान भूमि व पांच बाइकों की कीमत करीब 1.09 करोड़ रुपये है। जब्त की गई बाइक धानेपुर थाने के सुपुर्द की गई है। कुर्की करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना धानेपुर राकेश कुमार राय सहित पुलिस व राजस्व के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकासखंड परसपुर में किसान मेले का हुआ आयोजन

## गोगिया में कृषि विशेषज्ञों ने दी उपयोगी जानकारी

गोण्डा विकासखंड परसपुर के ग्राम गोगिया में कृषि सूचना तंत्र योजना के तहत विकासखंड स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नलगंज के विधायक प्रतिनिधि ईतेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू ने ग्राम प्रधान सालिकराम एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक गोंडा प्रेम कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने फार्मर रजिस्ट्री, एफपीओ, एग्री स्टैक और फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को डिजिटल माध्यम से कृषि से संबंधित सुविधाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. अनूप सिंह चौहान ने उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने जैविक खाद, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण की नई विधियों पर विशेष जोर दिया। वहीं, खंड तकनीकी प्रबंधक रोहित सिंह ने मृदा परीक्षण और मृदा स्वास्थ्य सुधार के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। मुख्य वक्ता एसपी शर्मा ने किसानों को तिलहनी एवं दलहनी फसलों की खेती को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ये फसलें न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती हैं,बल्कि किसानों की आय में वृद्धि करने में भी कारगर हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर खेती में नवाचार लाने की अपील की। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी श्रीराम राजवंशी, श्रीकांत त्रिपाठी, निर्भय तिवारी, प्रदीप अवस्थी सहित कई कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। वहीं, ग्राम पंचायत के सम्मानित किसान राम प्रताप, संजय, अकबाल बहादुर, चंदन, पिंकू, रामकुमार, शिवचरण, जोगेंद्र, मनोज, पंकज, वासुदेव, छोटेलाल सहित सैकड़ों किसानों ने मेले में भाग लेकर लाभ उठाया।

# एसडीएम की तानाशाही,अवैध कब्जाशुदा भूमि पर कराया नाली निर्माण

## महिला ने जताई आपत्ति, उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार

गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मैनपुर गाँव में शनिवार की दोपहर पहुंचे तरबगंज

के एसडीएम विशाल कुमार द्वारा खलिहान की भूमि पर जबरन नाली निर्माण करवाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब इसको लेकर गाँव की ही बुजुर्ग महिला दुलारी ने आपत्ति जताई तो अपना आपा खोते हुए एसडीएम धमकियों पर उतर आये और विरोध करने पर पूरे खानदान को बर्बाद करने की धमकी दे डाली। जबकि इसी भूमि पर तीन लोगों के अवैध कब्जे को हटवाने के लिए तहसील प्रशासन नोटिस जारी कर चुका है। लेकिन उस पर अमल के बजाय अवैध रूप से काबिज लोगों के समर्थन में ही नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि खलिहान की भूमि गाटा संख्या 688 पर गाँव के तीन लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत भवानी प्रसाद उपाध्याय ने छह माह पूर्व तहसील प्रशासन से की थी। शिकायत को संज्ञान में लेकर हल्का लेखपाल ने जमीन की पैमाइश कर धारा 67 के तहत काबिज लोगों पर मुकदमा पंजीकृत करवाया था। बेदखली नोटिस भी जारी की जा चुकी है। इस पर अमल होने के बजाय खुद एसडीएम ही शनिवार को नाली का निर्माण करवाने मौके पर पहुंच गए। पीड़ित महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में वार्ता करने के लिए तरबगंज एसडीएम विशाल कुमार से उनके सीयूजी नंबर पर काल किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था। वहीं मुख्य राजस्व अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि एसडीएम से बात करके फिर बताएंगे की निर्माण क्यों करवा रहे हैं।

## लेखाकार के रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल,बना चर्चा का विषय

गोण्डा। जिले के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय इटियाथोक में संविदा पर तैनात लेखाकार विनोद कुमार के रिश्वतखोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शिक्षक से लेखाकार विनोद रुपये लेते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो लोगों में काफी चर्चा का विषय बना है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के नाम पर यह अवैध वसूली बीआरसी केंद्र पर काफी दिनों से चल रही है। हालांकि वायरल वीडियो की समाचार पत्रध्चौनल पुष्टि नहीं करता है।

# पीड़ित महिला की भूमि पर विपक्षीगण नहीं होने दे रहे निर्माण,एसडीएम से शिकायत

कर्नलगंज (गोण्डा) तहसील व कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली पीड़ित महिला ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उसके भूमि पर मकान निर्माण में विपक्षीगण द्वारा किये जा रहे बेजा व अनाधिकार अवरोध को समाप्त करवाये जाने व उसके भूमि पर निर्माण कराने की गुहार लगाई है। ग्राम रूदौलिया निवासिनी सायतुन पत्नी हनीफ ने उपजिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके लड़कों द्वारा मेहनत, मजदूरी करके किसी तरह कुछ पैसा एकत्रित किया गया, जब प्रार्थिनी अपने निजी भूमि गाटा संख्या 182 में अपना मकान बनाने लगी तो विपक्षीगण रहमत अली पुत्र मुन्ना, हसन अली पुत्र मुन्ना, रज्जब अली पुत्र मुन्ना, इब्राहीम पुत्र गनी, फकीरा पत्नी पीर मोहम्मद, निवासी पता उपरोक्त जो कि एक सरकश जबरदस्त व परिवारदार व्यक्ति हैं। उक्त लोग अपनी सरकशी के बल पर उसकी भूमि में मकान बनाने नहीं दे रहे हैं। महिला ने बताया कि उसका सरिया, सीमेण्ट, ईंटा, बालू आदि खराब हो रहा है, और विपक्षीगण जबरन रोंक रहे हैं। जिससे उसकी अपूर्णनीय क्षति हो रही है। पीड़िता ने मांग की है कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली करनैलगंज को आदेशित किया जावे कि मौकै पर जाकर प्रार्थिनी के निर्माण कार्य में विपक्षीगण द्वारा किया जा रहा बेजा अनाधिकार अवरोध समाप्त कराया जाय। महिला का आरोप है कि बीते 3 मई 2024 को नींव खोदी गई थी तभी से पुलिस वाले यह कहते हुए निर्माण करने से रोक रहे हैं कि इसका केस चल रहा है। जब उसने केस खारिज कराया तो कहते हैं उसका कागज लाओ, जब कागज ले जाकर दिखाया गया तो कहते हैं कि वह केस गोण्डा से है। कहीं बताते हैं कि कर्नलगंज तहसील से है तो कहीं दूसरे तहसील से है। इससे महिला काफी परेशान है और रुंधे हुए स्वर में बताया कि वह और उसका परिवार आठ नौ महीने से बेवतन होकर दर दर भटक रहा है। पीड़िता ने उसके निर्माण कार्य में विपक्षीगण के अवैध हस्ताक्षेप को रोकने व उसके भूमि पर निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में जानकारी करने के लिए उपजिलाधिकारी से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# अधिक मुकदमों का निस्तारित किया जाय- डीम

जौनपुर (आरएनएस )। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा तहसील मड़ियाहूँ का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने न्यायालय उपजिलाधिकारी और न्यायालय तहसीलदार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुराने मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कमियां पाई गई उनपर कृत कार्यवाही न किए जाने पर तथा पुराने मुकदमो को निस्तारित नही करने पर प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा। उप जिलाधिकारी न्यायिक को भी निर्देशित किया कि बार के सहयोग से अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारित किया जाए जिससे आमजन को कचहरी न आना पड़े और उन्हे त्वरित गति से न्याय दिलाया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रख–रखाव उचित ढंग से किया जाये और कार्यालय में साफ–सफाई नियमित हो। कार्यालय में आने वाले फरियादियों की गम्भीरतापूर्वक तथा संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा बार के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याए सुनी गई और सम्बन्धित को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, उपजिलाधिकारी न्यायिक, कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मौनी अमावस्या पर स्कूल आठ तक बन्द

जौनपुर (आरएनएस )। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 29 जनवरी को स्नान पर्व मौनी अमावस्या के कारण जनपद में कक्षा एक से आठ तक के स्कूल बन्द रहेगे। बताया कि आवागमन एवं यातायात सुगमता के दृष्टिगत जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालय, सभी सी०बी०एस० ई०,आई०सी०एस०ई० उ०प्र० बोर्ड, मान्यता प्राप्त, मदरसा, सहायता प्राप्त एवं इण्टरमीडिएट कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है और समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करें।

## एकेडमी का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर (आरएनएस )। आये दिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करके विद्यालयों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं जिससे कि बच्चों के भविष्य को संवारा जा सके। सिरकोनी विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार द्वारा शिवा पार स्थित सरस्वती चिल्ड्रन एकेडमी का औचक निरीक्षण किया गया।

# राजेन्द्र सिंह मितव्ययता एवं समर्पण के प्रतिमूर्ति

जौनपुर (आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के द्वारा प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि प्रो राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो राजेंद्र सिंह को प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला। रज्जू भैया प्रयागराज विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर थे। सन 1966 में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) ने प्रयाग विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। तत्पश्चात् वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक के रूप में उस पथ के पथिक बनकर संघ कार्य में अहर्निश सक्रिय हो गए। रज्जू भैया बाद में 1994 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक बने। उन्होंने एक शिक्षक, स्वयंसेवक, प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक की महती जिम्मेदारियों को बड़ी सहजता और सरलता के साथ निभाया। कुलपति प्रो वंदना सिंह की प्रेरणा से संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है तथा शोध के क्षेत्र में देश एवं विदेश में महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। ज्ञात हो कि रज्जू भैया की स्मृति में 2018 में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान की स्थापना तत्कालीन कुलपति प्रो. राजाराम यादव के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा की गई। डॉ0 नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ शशिकांत, डॉ आलोक वर्मा, डॉ आशीष वर्मा, डा दिनेश वर्मा, डॉ सुजीत चौरसिया, डॉ. रामांशु, आदि उपस्थित रही।

# बैंक के लाकर से गोल्ड लोन के जेवरात हुए चोरी

जौनपुर (आरएनएस )। शाहगंज भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में लाकर से गोल्ड लोन के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बताते है कि बैंक में गोल्ड लोन के तहत ऋणी द्वारा जमा कराए गए जेवरात लाकर में सुरक्षित रखे जाते हैं। ऋणी फूला देवी ने अपना बकाया चुकाकर जेवरात वापस लिए, लेकिन उन्होंने शिकायत की कि उनके बैग में जमा कराए गए कुछ जेवरात गायब हैं।बैंक प्रबंधन द्वारा की गई आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि लाकर से गोल्ड लोन में जमा किए गए पांच बैग पूरी तरह से गायब हैं और 14 बैगों में से कुछ जेवरात नहीं मिल रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए शाखा प्रबंधक ने पुलिस को सूचित किया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बैंक के उच्चाधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना के माध्यम से चोरी के पीछे की साजिश और जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए गहनता से छानबीन की जा रही है।

## सामूहिक विवाह में 93 जोड़े हुए परिणयाबद्ध

जौनपुर (आरएनएस )। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र के अतिरिक्त देश के कई राज्यों एवं दूर देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। समागम के समापन के उपरान्त पिंपरी पुणे स्थित मिलिटरी डेअरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया विवाहित वर–वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा ने एक दूसरे का आदर–सत्कार करते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने पर जोर दिया। निःसंदेह सादा शादियों का यह अलौकिक दृश्य जाति, वर्ण की विषमता को मिटाकर एकत्व का सुंदर संदेश प्रस्तुत कर रहा था जो निरंकारी मिशन का संदेश भी है।

## वर्ष पर्यन्त होग अटल विरासत सम्मेलन होगा-' सांसद

जौनपुर (आरएनएस )। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी ने लाइन बाजार स्थित डाक बांग्ला मे एक पेश वार्ता हुई जिसको राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है। जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी, इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है । 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये, उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था, नौ साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे लोगों को शंका थी कि यह सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया भारत को नव विकास की गारंटी दी वे ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च, की बीच जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सुनिल तिवारी , पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह उपस्थित रहे।

# दिल्ली से लौटी प्रधान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

जौनपुर (आरएनएस )। सिरकोनी ब्लाक के नाथुपुर की प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह का सम्मानित होकर दिल्ली से लौटने पर गांव के लोगों ने स्वागत किया।जिले से चुनी गई एकमात्र ग्राम प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह को पंचायत राज मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के मौके पर विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया था।उन्हें सम्मानपत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।यह निमंत्रण सरकारी योजनाओं जिसमे हर घर जल योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन इंद्र धनुष,प्रधानमंत्री पोषण योजना,पीएम मुद्रा योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना,किसान क्रेडिट कार्ड आदि जैसी जनकल्याण की योजनाओं को अपने गांव में शत प्रतिशत करने पर मिला था।इसके अलावा गांव का विकास,साफ सफाई व अन्य कार्य भी सराहनीय रहा।ग्राम प्रधान सुचिता सिंह ने बताया कि देश की राजधानी में गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि बनकर काफी अच्छा लगा। इसके साथ केंद्रीय पंचायत राज मंत्री प्रा0 एसपी सिंह बघेल,मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।ऊक्त कार्यक्रम में देश के छह सौ प्रधान बुलाये गए थे।

# मेराजुन्नबी का जुलूस और जलसा धूमधाम से मना

जौनपुर (आरएनएस )। मेराजुन्नबी का एक जलसा और जुलूस धूमधाम से शहर में मनाया गया इसी सिलसिले में आयोजन कमेटी औलिया सीरत कमेटी की निगरानी में पूरा शहर सजाया गया। जगह जगह रंग बिरंगी झालरों से दुल्हन सा सजाया गया था। इसके तहत कौमी यकजहती कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने आपसी सद्भावना व सद्भाव पर अपने अपने विचार प्रकट किए । जुलूस और जश्ने मेराजुन्नबी अपनी पुरानी परंपरागत रिवायती रूप से मनाया गया । कार्यक्रम औलिया मस्जिद सुत्हट्टी बाजार भंडारी स्टेशन से उठकर अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ सब्जी बाजार, कोतवाली चौराहा ,हरलालका रोड से चहारसू चौराहे से होकर शाही किला होता हुआ शाही अटाला मस्जिद पर पहुंचकर जलसे में तब्दील हो गया मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद और विशिष्ट अतिथि फिरोज खान चेयरमैन कचगांव,डॉक्टर सरफराज,अरशद खान,निखिलेश सिंह रहे। अनवारूल हक गुड्डू,कमर अहमद उर्फ शकील मुमताज ,शाहिद मंसूरी,नेयाज ताहिर शेखू ,अकरम मंसूरी,रियाजुल हक,नूरुद्दीन मंसूरी,लाल मोहम्मद

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।